
CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZJKT1 User: cci Time: 02-06-2026 22:14 Color:



फूहड़ कॉमिडी का शिकार 'भाबी जी' देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । शनिवार, 7 फरवरी 2026

# गाज़ियाबाद Times

OF INDIA



चाइनीज मांझे पर प्रशासन सख्त, दुकानों में की जांच देखें अंदर

RERA No.: UPRERAPRJ674297
https:// up-rera.in/projects
COLLECTION ACCOUNT DETAILS: NAME: FASTIDIOUS BUILDMART PRIVATE LIMITED - COLLECTION A/C
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 5645825124
BANK NAME: KOTAK MAHINDRA BANK LTD
IFSC CODE: KKBK0005289 | BANK ADDRESS: ADITYA CITY CENTER, INDIRAPURAM, GHAZIABAD (UP) | LAUNCH DATE: 19-09-2019

# लॉकेबल रिटेल शॉप्स

**नोएडा एक्सटेंशन** की प्राइम लोकेशन पर उपलब्ध

**सीमित अवधि के लिए आकर्षक भुगतान योजना**

केवल **₹10 लाख*** में बुकिंग करें और **पज़ेशन** के साथ तुरंत **रजिस्ट्री** कराएँ।

| प्रकार | साइज़ | कीमत | बुकिंग राशि | जनवरी 2027 मे देय* | जनवरी 2028 मे देय* |
|---|---|---|---|---|---|
| रिटेल शॉप | 16.81 SQ.MTR. / 181 Sq.ft. | ₹18.4 लाख* | ₹9.2 लाख* | - | ₹9.2 लाख* |
| रिटेल शॉप | 19.97 SQ.MTR. / 215 Sq.ft. | ₹21.9 लाख* | ₹10 लाख* | ₹5.3 लाख* | ₹6.6 लाख* |
| रिटेल शॉप | 23.50 SQ.MTR. / 253 Sq.ft. | ₹25.8 लाख* | ₹10 लाख* | ₹8 लाख* | ₹7.8 लाख* |
| रिटेल शॉप | 29.50 SQ.MTR. / 317.55 Sq.ft. | ₹31.3 लाख* | ₹10 लाख* | ₹11.9 लाख* | ₹9.4 लाख* |
| रिटेल शॉप | 30.84 SQ.MTR. / 332.04 Sq.ft. | ₹32.7 लाख* | ₹10 लाख* | ₹12.9 लाख* | ₹9.8 लाख* |
| रिटेल शॉप | 34.97 SQ.MTR. / 376.48 Sq.ft. | ₹37 लाख* | ₹11.1 लाख* | ₹14.8 लाख* | ₹11.1 लाख* |
| रिटेल शॉप | 41.43 SQ.MTR. / 446 Sq.ft. | ₹45.5 लाख* | ₹13.6 लाख* | ₹18.2 लाख* | ₹13.7 लाख* |
| रिटेल शॉप | 51.28 SQ.MTR. / 552 Sq.ft. | ₹56.3 लाख* | ₹16.9 लाख* | ₹22.5 लाख* | ₹16.9 लाख* |

आवंटन मापदंडः 1. Allotment प्रक्रिया "First Come First Serve" पे आधारित है 2.सभी अतिरिक्त शुल्क एवं Govt. Charges देय होगें।

**मुख्य आकर्षण :**

- तुरंत रजिस्ट्री की सुविधा*
- पायें GST का लाभ*
- पहले से संचालित रिटेल स्पेस*
- आसपास के क्षेत्रों में 5 लाख परिवार*
- 130 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित*
- गौड़ चौक से मात्र 2.5 किमी की दूरी*
- एनएच-9 (एनएच-24) से केवल 7 किमी दूर*
- प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन के समीप*

*T&C Apply

IDEAL FOR : RESTAURANTS | FOOD OUTLETS | ELECTRONICS & HOME APPLIANCES | MOBILES & COMPUTERS | BEAUTY, FITNESS & SPORTS | JEWELLERY | TOYS, GIFTS & BOOKS
KIDS' CLOTHING | BABY PRODUCTS | WOMEN'S CLOTHING & ACCESSORIES | MEN'S CLOTHING & ACCESSORIES | HOME DECOR | HEALTH & PHARMACEUTICALS & MANY MORE...

**83770 05040**

लोन की सुविधा उपलब्ध : ICICI Bank Home Loans | pnb Housing | TATA CAPITAL

**आपके जबरदस्त रिस्पॉन्स के लिए हार्दिक धन्यवाद।**

350+ शॉप्स SOLD | केवल चुनिंदा शॉप्स उपलब्ध | कीमतें शीघ्र ही बढ़ाई जाएंगी

# विंटर की सीज़न एंड सेल में पहुंच रही है ग्राहकों की भीड़

सर्दियों के इस जाते सीजन में अभी भी लोग बड़ी मात्रा में विंटर के कपड़ों और एक्सेसरीज की खरीदारी कर रहे हैं। यहां तक कि जिन जगहों पर सेल लगी हुई है, वहां तो पब्लिक अच्छी खासी संख्या में पहुंच रही है। आलम यह है कि ब्रैंडेड शोरूम से लेकर स्ट्रीट मार्केट तक हर जगह ऊनी कपड़ों, फुटवियर और एक्सेसरीज पर आकर्षक छूट देखने को मिल रही है। यहां तक कि 90 साल पूरे कर चुका दिल्ली का कनॉट प्लेस (CP) अपनी ऐतिहासिक पहचान और ब्रैंडेड-बजट विकल्पों के चलते सेल सीजन में खास आकर्षण बना हुआ है।

## ब्रैंडेड और बजट खींच रहा ग्राहक

मार्केट्स और हाई-स्ट्रीट शॉपिंग एरिया में विंटर कलेक्शन पर आमतौर पर 30 से 70 फीसदी तक छूट मिल रही है। कई इंटरनैशनल और नैशनल ब्रैंड्स कोट, स्वेटर, ब्लेजर, हुडीज, थर्मल वियर और विंटर एक्सेसरीज पर विशेष ऑफर दे रहे हैं। वहीं स्ट्रीट मार्केट्स में जैकेट, स्वेट शर्ट, स्कार्फ, कैप और अन्य ऊनी कपड़े अपेक्षाकृत कम कीमत में मिल जाते हैं। दरअसल, एंड-ऑफ-सीजन सेल का सबसे बड़ा फायदा यही है कि कम कीमत में बेहतर क्वालिटी के कपड़े खरीदे जा सकते हैं। यही वजह है कि लोग बड़ी संख्या में सेल का फायदा लेने पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि इस समय क्लासिक डिजाइन और न्यूट्रल रंग चुनने से कपड़े लंबे समय तक ट्रेंड में बने रहते हैं और अगले साल भी आसानी से इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसके अलावा, कार्ड ऑफर, कैशबैक, कूपन और लॉयल्टी पॉइंट्स जैसे विकल्प बचत को और बढ़ा देते हैं, जबकि कई दुकानों में ज्यादा खरीदारी पर अतिरिक्त छूट भी मिल जाती है।

### समझदारी से करें खरीदारी

**खरीदारी से पहले जरूरतों की सूची बनाना, कीमतों की तुलना करना और क्वालिटी पर ध्यान देना फायदेमंद रहता है। थोड़ी समझदारी और सही टाइमिंग के साथ की गई खरीदारी लंबे समय तक उपयोगी साबित हो सकती है।**


## एक्सेसरीज़ पर भी शानदार ऑफर

खास बात यह है कि यह विंटर सेल सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं है। बैग्स, फुटवियर, जूलरी, बेल्ट, सनग्लासेस, स्कार्फ और अन्य विंटर एक्सेसरीज पर भी अच्छी छूट मिल रही है। खासतौर पर जूते, बूट्स और स्नीकर्स पर चल रही सेल उन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है जो स्टाइल और आराम दोनों का संतुलन बनाए रखना चाहते हैं। कई बाजारों में घर से जुड़े सामान जैसे डेकोर आइटम, किचन एक्सेसरीज, बेडशीट, कुशन कवर और छोटे इलेक्ट्रॉनिक होम प्रोडक्ट्स पर भी ऑफर मिल रहे हैं। इससे न सिर्फ वॉर्डरोब अपडेट होता है, बल्कि घर की रोजमर्रा की जरूरतें भी बजट में पूरी हो जाती हैं।

## ब्रैंडेड शॉपिंग चाहने वालों के लिए मौका

कनॉट प्लेस (CP) विंटर एंड-ऑफ-सीजन सेल में किफायती शॉपिंग का प्रमुख केंद्र है। यहां ब्रैंडेड शोरूम और बजट मार्केट दोनों मौजूद हैं, जिससे हर तरह के खरीदार को विकल्प मिलते हैं। पालिका बाजार बजट शॉपिंग के लिए लोकप्रिय है, जबकि जनपथ ट्रेंडी कपड़ों और एक्सेसरीज के लिए युवाओं की पसंदीदा जगह है। इसके अलावा, सरोजिनी नगर, लाजपत नगर, चांदनी चौक और जनपथ जैसे बाजार भी किफायती शॉपिंग के लिए ग्राहकों के बीच अच्छे खासे मशहूर हैं।

iStock | Consumer Connect Initiative







See our Exclusive Luxury Collection, VIP Room at Connaught Place & Omaxe Chowk, Chandni Chowk. Open all days | customer care: +91 9310884100

End of Reason
SALE
FLAT 45% OFF ON SELECTED STOCK

Luxury Boutique Now Open at Unity One Elegante, NSP, Delhi
Flagship Stores Now Open at Omaxe Mall, Chandni Chowk, Delhi

Ghaziabad : North India Mall (Shipra Mall), Indirapuram | Noida : Gaur City Mall, Ph. 7678510753
DLF Mall of India, Ph. 8586900495 | GIP Mall, Ph. 8586900496
Delhi : Connaught Place | Ambience Mall, Vasant Kunj | Pacific Mall, Tagore Garden | Pacific Mall, NSP | Vegas Mall, Dwarka | Kurta Story, D21, Pacific Mall, Dwarka
Gurgaon : Kurta Story, Airia Mall, Sector 68 | Ambience Mall | Sector 14, Main Banking Lane
Faridabad : Pacific Mall of Faridabad

Winter Clearance
Fresh Stocks Added
SALE
Flat 50 %off*
on all woollen knitwear.
*Not Valid on woolmak, Acessories & Other Brands
Pullovers • Cardigans • Jackets • Hoodies • Coats • Co-ords • Shawls • Acessories & Much More

V.K Thapar

CONNAUGHT PLACE: OPP. A BLOCK, METRO EXIT 7, NEW DELHI 110001




PITAMPURA ◆ CONNAUGHT PLACE ◆ MALL OF INDIA, NOIDA ◆ CITY CENTRE GURUGRAM
Also at LUCKNOW - LULU MALL ◆ HAZRAT GANJ
SHOP INSTORE AND AT WWW.GREENWAYS.CO, INSTA: GREENWAYSDELHI

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAPG3 User: cci Time: 02-06-2026 22:49 Color:



## फटाफट खबरें

### विधायक गुर्जर ने की फिल्म की आलोचना

■ NBT न्यूज, लोनी : नेटफ्लिक्स पर घूसखोर पंडत फिल्म में ब्राह्मण समाज को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को बनाने वाला कांग्रेस का वर्कर है। फिल्म के नाम और उसकी सामग्री को लेकर ब्राह्मण समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। कई संगठनों ने इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### फ्लैट का ताला तोड़ जूलरी व नकदी चोरी

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन: साहिबाबाद क्षेत्र के पचशील पार्क स्थित एसपीएस अपार्टमेंट के फ्लैट का ताला तोड़कर बदमाशों ने जूलरी और नकदी चोरी कर ली। मामले में गरिमा सिंह ने साहिबाबाद थाने में केस दर्ज कराया है। गरिमा सिंह ने बताया कि साहिबाबाद स्थित फ्लैट पर माता-पिता और बेटा रहते हैं। वर्तमान में वह दिल्ली उन्हीं के पास आए हुए थे। शुक्रवार को जब वह फ्लैट पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### तेज आवाज में DJ बजाने पर दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : टीलामोड़ क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर तेज आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजकुमार शर्मा ने बताया कि पांच फरवरी की रात बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक पर मालवाहक वाहन में तेज आवाज में डीजे बजता दिखाई दिया। शिकायत मिलने पर दिल्ली के करावल नगर निवासी जुगल किशोर और पश्चिमी दिल्ली निवासी रजनीश को अरेस्ट कर डीजे सीज कर दिया।

### झुलसी अवस्था में मिला युवक का शव

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में शुक्रवार दोपहर ट्यूबवेल के पास युवक का झुलसी अवस्था में शव मिला है। पुलिस का मानना है कि करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। मृतक की पहचान मेरठ के गांव सौलाना निवासी कादिर (25) के रूप में हुई है। शुक्रवार दोपहर किसान खेतों की तरफ जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर शव पर पड़ी।

# चोरी की बिजली से घर हो रहे रोशन, 76 लाख बकाया

## अकबरपुर बहरामपुर में पोल से तार डाल चार्ज कर रहे थे 10 ऑटो

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

**जिले में** बीते एक साल के दौरान बिजली चोरी के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिला है। विद्युत निगम की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक कुल 14,939 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई थी। शुक्रवार को भी अकबरपुर बहरामपुर में 17 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। गाजियाबाद विजिलेंस टीम लगातार निरीक्षण कर रही है। रेड टीम के अध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि अकबरपुर बहरामपुर में ऑटो रिक्शा चार्जिंग का कार्य मुल्तानी पार्किंग, थाना क्रॉसिंग क्षेत्र में सलीम द्वारा किया जा रहा था। सलीम ने अपने घरेलू मीटर को बाईपास कर सामने लगे एलटी लाइन पोल से तार डाल रखा था। पार्किंग के अंदर बिजली चोरी कर ऑटो रिक्शा चार्जिंग का कार्य किया जा रहा था, जहां मौके पर 10 रिक्शा चार्ज होते हुए मिले। मामले में बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

> पिछले साल 14,939 स्थानों पर चोरी पकड़ी गई थी

AI Image



**इन स्थानों पर चलाया जा रहा अभियान**

मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि अकबरपुर बहरामपुर, कैला भट्ठा, पसौंडा, तुलसी निकेतन, विजय नगर, भोपुरा, गरिमा गार्डन, राहुल विहार, बुद्ध विहार, सेन विहार, शांति नगर, हिंडन विहार, राजीव कॉलोनी, भोपुरा, चूकना मोड़, नंदग्राम सहित कई इलाकों में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

**4,065 उपभोक्ताओं से बिल जमा करवाए**

ग्रामीण जोन-2 के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि विद्युत निगम द्वारा लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान कई स्थानों पर बिजली चोरी करते हुए उपभोक्ताओं को पकड़ा गया है। इन उपभोक्ताओं के मौके पर ही कनेक्शन काट दिया जाता है और एफआईआर दर्ज कराई जाती है। नियमों के तहत जुर्माना भी लगाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में 14,939 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई है, जिसमें 76 लाख 41 हजार रुपये बकाया चल रहा है। इसमें 4,065 उपभोक्ताओं से बिल जमा करवा कर 6 लाख 46 हजार की वसूली की गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मधुबन बापूधाम क्षेत्र में बाइक सवार को वाहन ने टक्कर मार दी। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में उसकी बहन मोहिनी ने मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में निराला ग्रीन सोसायटी निवासी मोहिनी ने बताया है कि चार फरवरी की रात उनके भाई मोहित शर्मा नंदग्राम स्थित एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। मेरठ रोड पिलर नंबर 676 के सामने एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक शादी वाली बग्गी से टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि जांच जारी है।

### गलत दिशा में आई बाइक की टक्कर से पैर टूटा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र में एसबीएन स्कूल के पास गलत दिशा से आई बाइक ने दूसरे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। मामले में उनके बेटे ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। नंदग्राम के संगम विहार निवासी देवेश झा ने बताया कि 29 जनवरी को उनके पिता अजय कुमार झा को एसबीएन स्कूल के पास गलत दिशा से आई बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पैर में फ्रैक्चर हो गया और काफी गंभीर चोट आई है। अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है।

# 25 दिन पहले युवक की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लोनी

**थाना पुलिस** ने 25 दिन पहले गोली मारकर शिवम उर्फ लालू की हत्या के मामले का शुक्रवार को खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। एसीपी शान्तप्रकाश राय ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी जुबैर बुद्ध नगर कॉलोनी का रहने वाला है। मामले में आरोपी शहजाद, अकबर उर्फ मोनू, सुहैल उर्फ मन्नू और श्याम को जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में जुबैर ने बताया कि सुहैल उर्फ मन्नू मौसी का पुत्र होने के साथ साथ सगा बहनोई है। उसकी बड़ी बहन को तलाक देकर सुहैल ने दिल्ली निवासी युवती से शादी कर ली थी। इससे वह बहनोई से नाराज था।

**बहनोई को फंसाने के लिए रची साजिश**

जुबैर ने बताया कि सुहैल लूट करना चाहता था, जिसके लिए उसे पिस्टल की जरूरत थी। उसे पता था कि साथी शिवम के पास पिस्टल है। बहनोई ने साथी शहजाद के सामने शिवम से पिस्टल मांगने की बात कही थी। जुबैर को पता था कि शिवम पिस्टल नहीं देगा। इस पर विवाद होगा और शिवम या बहनोई में से किसी एक जान चली जाएगी। दोनों ओर से नुकसान बहनोई का होगा, जिसके बाद उसने शिवम के अल्वी नगर कॉलोनी में लकड़ी के गोदाम में दोस्तों के साथ दावत की जानकारी बहनोई को दी और मौके से चला गया। इसके बाद बहनोई सुहैल बाइक से साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और पिस्टल लेने के लालच में शिवम की हत्या कर दी। इसके बाद पिस्टल और मोबाइल लेकर फरार हो गया था। एसीपी ने बताया कि शिवम से छीनी गई पिस्टल भागते समय गिर गई थी, जो बरामद नहीं हो सकी है।

**बहन के तलाक से नाराज**



- जुबैर ने बताया कि सुहैल उर्फ मन्नू मौसी का पुत्र होने के साथ-साथ सगा बहनोई है
- बड़ी बहन को तलाक देकर सुहैल ने दिल्ली निवासी युवती से शादी कर ली थी

# पुराने की जगह नया देने का झांसा देकर ट्रैक्टर हड़पा

■ NBT न्यूज, मोदीनगर

**पुराने की** जगह नया देने का झांसा देकर किसान से ट्रैक्टर हड़प लिया। अब पीड़ित को जान से मारने की धमकी मिल रही है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव मकरमतपुर सिखेड़ा निवासी अंकित कुमार किसान है। उनके मुताबिक, फरवरी 2025 में उनके पास एक व्यक्ति आया। उसने खुद को ट्रैक्टर एजेंसी संचालक बताकर ऑफर दिया कि पुराने के बदले में कंपनी की ओर से नया ट्रैक्टर दिया जा रहा है। आरोपी के झांसे में आकर किसान ने अपना पुराना ट्रैक्टर दे दिया। लंबा समय बीतने के बाद भी नया ट्रैक्टर नहीं मिला तो पुराना लौटाने को कहा। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीकर सिंह ट्रैक्टर एजेंसी मलिक निवासी हापुड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**फीस जमा करने के बहाने ₹52 हजार ठगे**

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विजयनगर क्षेत्र निवासी व्यक्ति के खाते से शातिर ने फीस जमा करने के बहाने 52,200 रुपये ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में प्रताप विहार निवासी सचिन कुमार वर्मा ने बताया कि सुनील ने फोन किया और कहा कि मुझे पोते की फीस जमा करनी है। उन्होंने उसे फीस की अमाउंट बता दी। उसने मैसेज कर बताया कि ज्यादा पेमेंट कर दी है। आप रिफंड कर दो। उन्होंने 52200 रुपये रिफंड कर दिए। बाद में उन्हें धोखाधड़ी का पता चला।

### घर में घुसकर की मारपीट, 7 नामजद

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : गांव सुहाना में गाली देने का विरोध में आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आदिल ने बताया कि उसकी मां घर के बाहर खड़ी थी। पड़ोसी गाली दे रहा था, विरोध पर आरोपी जबरन घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मतलूब, निशान, फरहान, जुल्फी इलेक्कार, साकिब, फरावत और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### पड़ोसियों पर मां-बेटी से मारपीट करने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र के मरियमनगर में मां-बेटी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि वह बेटी को स्कूल लेने गई थी। पड़ोसियों ने दोनों के साथ मारपीट की। मोनिका वर्मा ने नंदग्राम थाने में सुनीता, अवधेश व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# चोर पिकअप में ले जा रहे थे ट्रांसफॉर्मर, शोर सुनकर ग्रामीण जागे तो गाड़ी छोड़कर फरार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विजयनगर क्षेत्र के गांव सजवान नगर में चोर ट्रांसफॉर्मर चोरी कर रहे थे। आवाज सुनकर लोग आए तो चोर बुलेरो पिकअप छोड़कर भाग गए। घटना 30 जनवरी की देर रात करीब डेढ़ बजे की है। मामले में सजवान नगर निवासी सुरेंद्र प्रजापति ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में सुरेंद्र प्रजापति ने बताया कि गांव में हकीम के मकान के सामने एक पुराना टूटा ट्रांसफॉर्मर रखा है। 30 जनवरी देर रात करीब डेढ़ बजे चोर ट्रांसफॉर्मर को चोरी कर बुलेरो पिकअप में लोड करके ले जाने लगे। तभी गांव के कुछ लोग आवाज सुनकर आए और शोर मचाया। तभी पुलिस के हूटर की आवाज सुनकर चोर गांव के बाहर गाड़ी छोड़कर झाड़ियों के रास्ते भाग गए। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

> गांव सजवान नगर में पुलिस के हूटर की आवाज सुनकर चोर झाड़ियों के रास्ते भाग गए

### राजेंद्र नगर से स्कूटी चोरी सोसायटी के गार्ड पर आरोप


■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : राजेंद्र नगर सेक्टर तीन निवासी प्रभात कुमार ने सोसायटी के सुरक्षा गार्ड पर स्कूटी चोरी का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया कि 28 जनवरी को सुरक्षा गार्ड स्कूटी मांगकर ले गया था। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी नहीं लौटा तो उन्होंने तलाश शुरू की। रेलवे रोड पर शराब ठेके पर गार्ड नशे में मिला, जब पूछा तो स्कूटी चोरी होने की बात कही। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### फिल्म देखकर लौट रहे युवक से मोबाइल छीना

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : लिंक रोड क्षेत्र स्थित शॉपिंग मॉल के बाहर खड़े युवक से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल छीन कर फरार हो गए। इटावा निवासी शिवम चौरसिया की शिकायत पर पुलिस ने पांच फरवरी को केस दर्ज किया है। शिवम ने बताया कि एक फरवरी को मॉल में फिल्म देखने और खरीदारी करने गया था। रात करीब साढ़े 10 बजे मॉल के बाहर खड़े होकर कैब बुक कर रहे थे। इस दौरान बाइक सवार मोबाइल छीनकर भाग गया।

### महिला और बच्चों को टक्कर मारने वाले कार चालक पर केस

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विजयनगर क्षेत्र में दो फरवरी को एक कार चालक की ओर से महिला और उसके दो बच्चों को टक्कर मारने के मामले में केस दर्ज किया गया है। महिला के ससुर देव करम पांचाल ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में दिल्ली के मानसरोवर पार्क निवासी देव करम ने बताया कि दो फरवरी की सुबह करीब 11 बजे उनकी पुत्रवधू मुस्कान दोनों बच्चे प्रियांशी और युवराज के साथ प्रताप विहार विजयनगर वकील कॉलोनी में किसी परिचित के यहां गई थी। पुत्रवधू बच्चों को दुकान से सामान दिलाने के लिए गई थी। वापसी के दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। इससे पुत्रवधू दूर उछलकर जा गिरी। तीनों के काफी गंभीर चोटें आई हैं। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

BODYCARE
WOMEN'S INNERWEAR
LOVE YOUR body
THE NEW WAY...
UNVEILING SOON!
CONNECT WITH US:

BODYCARE EXCLUSIVE BRAND OUTLETS :-
> Sector 63, GB Nagar, Noida, UP | Mob: 9654454603 > Sector 18, GB Nagar, Noida, UP | Mob: 9654454603 > Indirapuram, Ghaziabad, UP | Mob: 9654454603
> Amrapali Leisure Valley, Noida, UP | Mob: 9654454603 > Sector 4, Greater Noida (W), UP | Mob: 9654454603 > Madhu Vihar, Patparganj, Delhi | Mob: 9891649955

Manufactured & Marketed by : BODYCARE CREATIONS LTD. :- D-30, Sector - 63, Noida - 201301, India | Tel: +91 120 4686400 | CUSTOMER CARE: +91 120 4278669
Fax: +91 120 4686401 | customercare@bodycarecreations.com | SHOP ONLINE: www.ebodycare.in | For Trade Enquiries: +91-9899241782 | hkjaiswal@bodycarecreations.com

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHABP User: cci Time: 02-06-2026 23:21 Color:



## फटाफट खबरें

### स्केटिंग चैंपियनशिप मे जीते मेडल



■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : सन वैली इंटरनैशनल स्कूल के बच्चों ने 25वीं राष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता चेन्नई में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में प्रत्यूष (केजी), आयुष (कक्षा छठी), श्री अंश उपाध्याय (कक्षा आठवीं) ने भाग लिया था। इसमें आयुष शर्मा और श्री अंश उपाध्याय ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति गोयल ने छात्रों के इस जीत पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन से संभव हो सका है।

### जीडीए ने सांस्कृतिक पार्क का किया निरीक्षण



■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : जीडीए के अधिकारियों ने इंदिरापुरम के हिंडन पार्क में निर्माणाधीन सांस्कृतिक पार्क का निरीक्षण कर कार्य की गति का जायजा लिया। साथ यहां बनने वाले स्टेच्यू के विषय में भी जानकारी ली। सांस्कृतिक पार्क में अध्यात्म और इतिहास से जुड़ी कलाकृतियां बनाई जा रही है ताकि पार्क में घूमने आने वाले पर्यटकों को जानकारियों के साथ घूमने का मजा मिल सके। जीडीए के चीफ इंजीनियर आलोक रंजन ने बताया कि सांस्कृतिक पार्क 16 एकड़ में बनाया जा रहा है और इसे इसी साल बनाकर पूरा भी कर लिया जाएगा।

### प्रेरणादायक कहानियों पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : इंदिरापुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। वार्षिक कार्यक्रम 'टाइमलेस टेल्स वॉयसेज ऑफ इंक' कहानी पर आधारित था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रिया जॉन और पैरेंट्स का स्वागत करके किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फेमस राइटर्स की पांच प्रेरणादायक कहानियों पर बच्चों ने डांस, अभिनय और नाट्य के रूप में परफॉर्म किया। इनमें विष्णु शर्मा की पंचतंत्र कथा कछुआ और सारस, रस्किन बॉन्ड की द ब्लू अंब्रेला, लियो टॉलस्टॉय की द एल्म पिट, मुंशी प्रेमचंद की ईदगाह व अकबर-बीरबल की कहानी शामिल थी।

### खेल-मस्ती के साथ शिक्षा को मिला सहयोग

■ NBT रिपोर्ट, राजेंद्र नगर : नवचेतना महिला मंच की देखरेख में चल रहे साक्षरता केंद्र की तरफ से शुक्रवार को सेक्टर-3 के एक पार्क में बसंत पंचमी और कार्निवल का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और सदस्याओं ने खानपान के स्टॉल लगाए और स्वादिष्ट चाट-पकौड़ी सहित अन्य खाद्य पदार्थ का आनंद लिया। मंच की सदस्याएं घर से प्रेमपूर्वक विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर लाई थी, जिनकी खुशबू और स्वाद ने सभी का मन मोह लिया। मंच की अध्यक्ष वर्षा गोयल, शिशु मंदिर की प्रिंसिपल शीतल और अतिथि राधेश्याम गुप्ता और राघव ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

# TV देखने से रोका तो 12 साल के बच्चे ने दे दी जान


## मां ने पढ़ने को कहा था, केबल कनेक्शन कटने से हो गया परेशान

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

**गाजियाबाद में** मोबाइल की लत से तीन नाबालिग बहनों की जान देने की खबर अभी ठंडी पड़ी भी नहीं थी कि नोएडा में भी टेलीविजन देखने की आदत ने 12 साल के बच्चे की जिंदगी छीन ली। सेक्टर-81 स्थित नगला चरण दास इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने 12 साल के बेटे को टीवी छोड़ पढ़ाई करने के लिए डांटा तो उसने गुस्से में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। टीवी देखने के चक्कर में उसने स्कूल जाना छोड़ दिया था। इससे परेशान होकर महिला ने टेलीविजन का कनेक्शन कटवा दिया था। मंगलवार को जब घर में कोई नहीं था तो उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फेज टू थाने को घटना की सूचना मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में हैंगिंग से बच्चे की मौत होना सामने आया है। इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है लेकिन पुलिस जांच कर रही है।

### बच्चा पिछले कुछ समय से नहीं जा रहा था स्कूल

पुलिस ने बताया कि भागलपुर बिहार की मूल निवासी संध्या देवी सेक्टर 81 नगला चरण दास इलाके में किराए पर रहती है। वह घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती है। महिला के पहले पति की मौत हो चुकी है। पहले पति से उन्हें 12 साल का बेटा अमित उर्फ गोलू था। दूसरा पति उसी इलाके में चाय की ठेली लगाता है। महिला ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा पूरे दिन घर पर टीवी देखता रहता था। इसे लेकर वह काफी नाराज रहती थी और उसे डांट देती थी।



### बच्चे ने स्कूल तक जाना छोड़ दिया था

घर के टेलीविजन के केबल का कनेक्शन कटवा दिया था और बच्चे को डांट भी लगाई थी। इसके बाद दोनों काम पर चले गए। घर में अकेला रह गए बच्चे ने कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

- मां ने कहा, पढ़ाई छोड़कर टीवी देखने में रहता था बिजी
- मंगलवार को पंखे से फंदा लगाकर कर ली आत्महत्या
- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से बच्चे की मौत बताई गई है

### बहन आई तो पता चला

बताया गया कि कुछ समय बाद उसकी बहन स्कूल से घर आई तो घटना की जानकारी हुई। उसने अपने मां और पिता को सूचना दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। हालांकि हर पहलु से जांच की जा रही है।

### 'बच्चों के साथ वक्त बिताएं, अच्छा और बुरा का फर्क समझाएं'

**मनोवैज्ञानिक चिकित्सक** डॉ आरके बंसल कहते हैं कि बच्चे लगातार मोबाइल और टेलीविजन देखते-देखते उसके एडिक्टेड हो जाते हैं। परिजन को उनकी आदत छुड़ाने के लिए उसके नुकसान और फायदे के बारे में बताना चाहिए। उनके साथ वक्त बिताएं। सही-गलत बताएं। अगर बच्चों से अचानक मोबाइल या टेलीविजन छीन लिया जाता है तो वह खुद की काल्पनिक दुनिया बनाने लगते है। उन्हें लगता है कि जीवन में अब कुछ नहीं बचा है। उन्हें यही चाहिए होता है।

**शुरू से ही ध्यान रखें**

अक्सर मां-पिता घर में खुद मोबाइल और टेलीविजन देखते रहते है। उन्हें देखकर बच्चे विडियो देखना शुरू करते है तो परिजन शुरू में उन्हें मना नहीं करते है। जब बच्चों के पढ़ाई और सेहत पर असर पड़ना शुरू होता है तो परिजन को होश आता है। इसके बाद बच्चों को टेलीविजन और मोबाइल से दूर करने की कोशिश करते है। इससे बच्चों के दिमाग पर सदमा लगता है।

**डांटे नहीं, उन्हें समझाएं**

छोटे बच्चे दिमागी तौर पर उतने समझदार नहीं होते हैं। उनके साथ कड़ाई से व्यवहार नहीं करना चाहिए। अगर उन्हें किसी चीज की अधिक आदत लग गई है तो उन्हें मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक के पास ले जाना चाहिए। काउंसलिंग कराने की जरूरत होती है। बच्चों की बातें सुनें और उनके मन को समझने की कोशिश की जाए। डांटने से वे और जिद्दी हो जाते हैं। उनका ध्यान दूसरी तरफ लगाएं।

# गुड़गांव में 100 से ज्यादा लोगों को एक ही प्रॉपर्टी बेच ठगे ₹500 करोड़

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव



- कंपनी का डायरेक्टर अरेस्ट, आरोपी व साथियों पर 5 FIR दर्ज
- एक यूनिट बेचकर ढाई करोड़ ठगे तो पुलिस से हुई शिकायत
- करोड़ों के फ्लैट वाली DLF कैमेलियास में रहता है आरोपी
- रकम लेने के बाद भी शिकायतकर्ता को कागज नहीं बनवाकर दिए

**एक ही** प्रॉपर्टी का बार-बार सौदा कर लोगों को सपने दिखाए। एक-दो बार नहीं, बल्कि 100 से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। करीब 500 करोड़ रुपये की ठगी का पता चला, जब शहर के एक शख्स ने पुलिस से शिकायत की। आर्थिक अपराध शाखा टू ने जांच शुरू की, जिसके बाद 32 माइल स्टोन के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ध्रुवदत्त शर्मा शहर की सबसे महंगी सोसायटी DLF कैमेलियास में रहता है। डायरेक्टर और उसके साथियों पर शहर में पांच एफआईआर दर्ज है, लेकिन वह पहली बार अरेस्ट हुआ है। एसीपी विशाल कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को छह दिन के रिमांड पर लिया है। उसके साथियों को भी जल्द ही अरेस्ट कर लिया जाएगा।

**सेल एग्रीमेंट के नाम पर करता था खेल :** पता चला कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर सेल एग्रीमेंट के नाम पर खेल करता था। इसके बाद कन्वेंस डीड नहीं करवाता था। पुलिस के पास मामला पहुंचा, जब पूरी यूनिट एक कंपनी को बेचकर ढाई करोड़ ले लिए गए, लेकिन कन्वेंस डीड नहीं करवाई। इसके बाद यह मामला आगे बढ़ता गया। इस केस में उसी यूनिट को बार-बार बेचकर करोड़ों की ठगी की गई।

**टुकड़ों में बेची संपत्ति, लीज पर भी दी :** सामने आया कि आरोपी ध्रुवदत्त शर्मा कंपनी एम/एस 32nd विस्टास प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। उसने शिकायतकर्ता की कंपनी एम/एस ट्रीम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2021 में 32 nd माइलस्टोन सेक्टर-15 पार्ट-2 के परिसर की पहली मंजिल पर यूनिट का दो करोड़ 50 लाख में एग्रीमेंट किया। भुगतान के बाद भी इसकी कन्वेंस डीड उस कंपनी के नाम नहीं करवाई। इस यूनिट को टुकड़ों में 25 अन्य को बेचकर अपनी फर्म के नाम पर 30 वर्ष के लिए लीज पर दे दिया।

### 32 माइल स्टोन की पहली बिल्डिंग पर थी यूनिट

**सिविल लाइंस** पुलिस को दो जनवरी को शिकायत मिली थी। 32 माइल स्टोन परिसर की पहली बिल्डिंग पर यूनिट नंबर 24 बेचकर ढाई करोड़ की ठगी की गई। एम/एस ट्रीम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने बताया कि एम/एस अग्र मोटेल्स, जो अब एम/एस 32nd विस्टास प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। शिकायतकर्ता की कंपनी की ओर से 2021 में 21 सितंबर को दो करोड़ 50 लाख रुपये भुगतान किया गया। रकम देने पर आरोपी की कंपनी ने एग्रीमेंट टु सेल तो किया, लेकिन तय समय में कंपनी के नाम कन्वेंस डीड नाम नहीं कराई।


## सुरक्षा के लिए बनाई बाउंड्रीवॉल

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : जीडीए ने सुरक्षा कारणों को देखते हुए इंद्रप्रस्थ योजना में बनाए गए समाजवादी आवास योजना में निर्मित भवनों की बाउंड्रीवॉल को ऊंचा करने के लिए प्रस्ताव बनाया है। इसके लिए अनुमानित राशि 47 लाख रुपये रखी गई है। अधिकारियों ने कहा कि इस दीवार को करीब 10 फीट ऊंचा बनाया जाएगा। इंद्रप्रस्थ योजना के पॉकेट-डी में भूखंड संख्या 5 ए और 5 बी पर निर्मित इस आवासीय योजना में लगातार बाहरी व्यक्तियों के घुसने और कई बार चोरी की घटनाओं के बाद यह फैसला जीडीए की तरफ से लिया गया है। यहां पर लंबे समय से लोग रह रहे हैं उनके द्वारा लगातार इस तरह की शिकायतें आ रही हैं, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है।

## युवती ने हवलदार की पिस्टल से खुद को मारी गोली, मौत

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा : ग्रेनो वेस्ट की सोसायटी में पार्टी कर रहे दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल और उसकी महिला मित्र के बीच विवाद हो गया। इसमें युवती ने हेड कॉन्स्टेबल की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवती उसके साथ पांच साल से रिलेशनशिप में थी, जबकि युवक का उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। बिसरख पुलिस ने हेड कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार कर लिया और पिस्टल बरामद कर ली।

दिल्ली पुलिस का हेड कॉन्स्टेबल आशीष पंवार गुरुवार की रात ग्रेटर नोएडा वेस्ट की राधा स्काई गार्डन सोसायटी में अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। इसमें आशीष की महिला मित्र भी शामिल थी। पार्टी में आशीष व उसकी महिला मित्र के साथ विवाद हो गया। इसी दौरान महिला ने आशीष की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। गोली लगते ही आनन फानन में



उसे यथार्थ अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोसायटी में गोली चलने की आवाज आने और युवती को खून से लथपथ अस्पताल ले जाते समय गार्डो ने देख लिया। इसके बाद सोसायटी के सुरक्षा गार्डों ने पुलिस को सूचना दी। इस मामले में आशीष को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली।

Advertorial, Entertainment Promotional Feature

# Enterटेनमेंट masalamix

## ब्रिटनी बोलीं, जिंदा हूं, ये ही बड़ी बात है

ब्रिटनी स्पीयर्स से उनके परिवार का विवाद हमेशा सुर्खियों में रहा है। अब ब्रिटनी ने अपने परिवार का जिक्र करते हुए कहा है कि मैं जिंदा हूं ये ही बड़ी बात है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इंसान के तौर पर हम सब बस एक-दूसरे से जुड़ा हुआ महसूस करना चाहते हैं। मगर जिन्होंने मदद के नाम पर आपको अकेला करने की कोशिश की, वह गलत थे। बतौर इंसान, हम उनको माफ कर सकते हैं लेकिन आप ऐसी बातें कभी भूलते भी नहीं हैं। जिस तरह से मेरे परिवार ने एक बार मेरे साथ बर्ताव किया था, उसके बाद मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत समझती हूं कि मैं जिंदा हूं। अब मुझे उनसे (परिवार से) डर लगता है।'

वह आगे कहती हैं, 'यह अजीब है कि भगवान कैसे रहस्यमयी तरीकों से काम करता है। दोस्तों, क्या लगता है कि वह आज क्या कह रहे हैं? सच कहूं तो, वह कुछ भी कहे, ये अपने किए की जिम्मेदारी कभी नहीं लेंगे। मैंने एक महीने से डांस नहीं किया क्योंकि मैंने अपनी उंगली दो बार तोड़ ली।'





ब्रिटनी स्पीयर्स अपने परिवार के साथ

'जिस तरह से मेरे परिवार ने मेरे साथ बर्ताव किया था, उसके बाद मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत समझती हूं कि मैं जिंदा हूं। अब मुझे उनसे डर लगता है।'

### दलपति विजय को देना होगा जुर्माना



दलपति विजय से जुड़े एक पुराने मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा लगाए गए 1.5 करोड़ रुपये के जुर्माने को चुनौती दी थी। उन पर यह जुर्माना कथित तौर पर 15 करोड़ की अघोषित आय के सिलसिले में लगाया गया था।

## फूहड़ कॉमिडी का शिकार 'भाबी जी'

Rekha.Khan@timesofindia.com



**फिल्म-भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन**

रेटिंग ★★½☆☆

**निर्देशक:** शशांक बाली

**कलाकार:** रवि किशन, शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ शेख, मुकेश तिवारी आदि।

**अवधि:** 2 घंटे 15 मिनट

**जॉनर:** कॉमिडी-ड्रामा

सालों से छोटे पर्दे पर दर्शकों के बीच अपना कॉमिक बेस बनाने वाले सिटकॉम भाबी जी घर पर हैं, को जब भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन के रूप में बड़े पर्दे पर लाने की चर्चा चली, तो लगा कि एक लंबे अरसे से दर्शकों के बीच पॉपुलर रहे चिरपरिचित किरदार खूब धमाल मचाएंगे, मगर अफसोस छिछोरे ह्यूमर, टॉयलेट ह्यूमर, चीप डायलॉग्स और बेसिर-पैर की कहानी के कारण यह एक सस्ती और फूहड़ कॉमिडी फिल्म बन कर रह गई।

विभूति मिश्रा (आसिफ शेख) अपने पड़ोसी मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौर) की पत्नी अंगूरी (शुभांगी अत्रे) की रतनगढ़ मन्नत पूरी करने के लिए लेकर आता है। मगर इलाके का दबंग शांति (रवि किशन) अंगूरी पर लट्टू हो जाता है। विभूति और अंगूरी की तलाश में आए तिवारी और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को देखकर शांति का भाई क्रांति भी (मुकेश तिवारी) उसे दिल दे बैठता है। अब ये दोनों गैंगस्टर जबरदस्ती अंगूरी और अनीता से शादी करना चाहते हैं। कहानी के दूसरे ट्रैक में बुआ जी नामक एक कार के चक्कर में सक्सेना (सानंद वर्मा), दिनेश लाल यादव (निरहुआ) और हप्पू जी (योगेश त्रिपाठी), टिल्लू (सैयद सलीम जैदी), टीका (वैभव माथुर) जैसे किरदार अफरातफरी मचाते हैं।

मजेदार नोट पर शुरू हुई कहानी को घटिया कॉमिक पंचेज और बिखरा हुआ स्क्रीनप्ले चौपट बनाते हैं। यहां अडल्ट कॉमिडी निर्देशक इस फ्लेवर को बढ़ाने के लिए टॉयलेट ह्यूमर और सस्ते पंचेज की भरमार कर देते हैं। पूरी फिल्म में तिवारी का गैस पास करते रहना, अंगूरी का विभूति के नितंब से स्कू ड्राइवर की मदद से गोली निकालना, मामा बने बृजेंद्र काला का पैंट में खाना छिपा कर लाना जैसे दृश्य फूहड़ता की पराकाष्ठा को छू जाते हैं। कहानी तब और असहनीय हो जाती है, जब इसमें सीरियल के तमाम लोकप्रिय कलाकारों का मेला लगा दिया जाता है। क्लाइमैक्स भी बेहद बेतुका लगता है। अभिनय के मामले में फिल्म लाज बचा ले जाती है। शुभांगी अत्रे ने अंगूरी के रोल को उसी 'सही पकड़े हैं' के उसी चिरपरिचित भोले अंदाज में जिया है। आसिफ शेख विभूति जी के सुर को पकड़े रखते हैं, जबकि रोहिताश्व तिवारी जी के रूप में साथ देते हैं। विदिशा श्रीवास्तव भी अपने किरदार में जमी हैं। गुंडई करने वाले रवि किशन और मुकेश तिवारी की जोड़ी मनोरंजन जोड़ती है। सानंद वर्मा, बृजेंद्र काला, निरहुआ, सैयद सलीम जैदी, वैभव माथुर, योगेश त्रिपाठी, मुस्ताक खान ठीक-ठाक रहे।

**क्यों देखें**
यह फिल्म न ही देखें, तो बेहतर है।


VANASTHALI PUBLIC SCHOOL
Since 1978

ADMISSION OPEN
SESSION : 2026-27
(From Playgroup Onwards)

PRE-PRIMARY WING
(A Unit of VANASTHALI PUBLIC SCHOOL)
nestling nippers
Let Us Join Hands To Give Flight To Their Wings...
Wee Nippers Playgroup (18-30 Months)



Distinctive Highlights
- Fully Air-Conditioned Classes
- Smart Classes with Digital Interactive Panels
- Well Stocked Libraries
- Sports Activities - Cricket / Volley Ball / Martial Arts / Football / Archery / Chess
- Performing Arts - Guitar / Tabla / Congo / Drums / Synthesizer / Dance / Drama
- Other Features - 3D Lab / Activity Based Curriculum / Hands on Experience / RFID / Edunext / Evening Sports Academy

Admission forms available at school reception between 09:00 am - 01:00 pm.
(Entry from Gate No. 2 only)
Admission forms are available online also at our school website - www.vanasthalischool.com & www.nestlingnippers.in

OUR EDUCATIONAL PARTNERS
XSEED FOUNDATION FOR LIFE | WizeFloor | EDUNEXT

Sector-3, Vasundhara, Ghaziabad, U.P., Sector-10, Vasundhara, Ghaziabad, U.P.,
E-mail : vpsvasundhara@gmail.com, nestlingnippers@hotmail.com,
Website : www.vanasthalischool.in, www.nestlingnippers.in, Ph. No. : 0120-4111061/62

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZJKT2 User: lokendra.sharma@timesofindia.c Time: 02-06-2026 19:23 Color:





दलपति विजय को देना होगा जुर्माना p4

NBT
# गाज़ियाबाद Times
OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । शनिवार, 7 फरवरी 2026



PM से लिए तनाव को उत्सव में बदलने के मंत्र P4

हेल्पलाइन नंबर 24/7

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758
ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904
नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012
विद्युत विभाग इमरजेंसी
9193320115
डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546
फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

# सोसायटी में सन्नाटे के बीच उठ रहे कई सवाल ?

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

**ट्रांस हिंडन** की एक सोसायटी में तीन मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत के बाद पूरे परिसर में दहशत और सन्नाटे का माहौल है। जिस टावर में यह घटना हुई, उसके आसपास गहरी खामोशी है। यहां तक कि टावर बी में ग्राउंड फ्लोर पर चल रहे ट्यूशन सेंटर में बच्चे नहीं जा रहे हैं। हालांकि, इस सन्नाटे के बीच कई सवाल उठ रहे हैं, जिनके जवाब तलाशने में पुलिस जुटी है। बच्चियों के परिजन गुरुवार को सोसायटी में ही किराए पर लिए गए दूसरे फ्लैट में गए थे। इसके बाद शुक्रवार को परिजन अस्थि विसर्जन की बात कहकर निकल गए। वहीं, तीसरे दिन मामले में हत्या या साजिश के साक्ष्य न मिलने से पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। हालांकि, पुलिस पिता और परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ की तैयारी कर रही है। पुलिस की जांच के दौरान परिजनों ने बताया था कि तीनों बच्चियां कोरियन कल्चर और के पॉप से प्रभावित थीं। पिता इसका विरोध करते थे। इसी से नाराज होकर तीनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मौके से स्यूसाइड नोट मिला और लॉबी का गेट भी अंदर से बंद था। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाग-दौड़ भरी जिंदगी में बच्चों के साथ टाइम बिताने, समझाने के साथ मोबाइल और ऑनलाइन दुनिया से हटाकर आउटडोर गेम्स, अन्य गतिविधियों से जोड़ना बेहद जरूरी है। साथ ही, बच्चों से बातचीत करना भी जरूरी है।

**अस्थि विसर्जन के लिए गए परिजन**

**तीसरे दिन भी दर्ज नहीं हुई FIR, पिता समेत परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ की तैयारी**

### दूसरी जगह ट्यूशन तलाश रहे परिजन

टावर बी के एक निवासी ने बताया कि तीन दिन से पूरा परिवार दहशत से नींद पूरी नहीं ले पा रहा है। वहीं, आसपास के टावर के लोगों ने बताया कि उन्होंने डर के कारण अपने बच्चों को ट्यूशन नहीं भेजा और अब वे कहीं दूसरी जगह अच्छा ट्यूशन सेंटर तलाश रहे हैं।

*3 बहनों के स्यूसाइड से सहमे हैं लोग, बच्चे नहीं जा रहे ट्यूशन*



### कब मिलेंगे इनके जवाब?

1. यदि नौवीं मंजिल से गिरने की घटना होती तो मौके पर खून के अधिक निशान होने चाहिए थे, जो दिखाई नहीं दिए।
2. घटना के तुरंत बाद परिवार के सदस्य नीचे मौके पर मौजूद थे, जिससे यह आभास हुआ कि उन्हें पहले से कुछ अंदेशा था।
3. चादर और कपड़े लाने के दौरान पति-पत्नी के बीच लिफ्ट में कहासुनी की बातें भी सामने आ रही हैं, जिससे पारिवारिक मतभेदों की चर्चा भी हो रही है।
4. कुछ लोग मामले को ऑनलाइन या कोरियन गेम्स से जोड़कर भी देख रहे हैं, हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### निवासियों ने भी मामले की जांच की मांग उठाई

सोसायटी के कुछ निवासी इस घटना को लेकर कई सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि घटना के समय टावर बी के आसपास मौजूद लोगों ने सिर्फ एक बार तेज धमाके जैसी आवाज सुनी थी, जबकि तीन बच्चों की मौत होना कई सवाल खड़े करता है। लोगों की एक ही मांग है कि पुलिस की तरफ से निष्पक्ष, पारदर्शी और गहराई से जांच की जाए, ताकि तीन मासूमों को न्याय मिल सके और सच्चाई सामने आए।

### पुलिस बेचे गए मोबाइल खोजने में लगी है

घटना के तीसरे दिन शुक्रवार को भी पुलिस ने मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच में केवल आत्महत्या की ही बात सामने आई है। आत्महत्या के सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं। साक्ष्यों की जांच में यदि कुछ संदिग्ध मिले तो एफआईआर दर्ज की जा सके। पुलिस बेचे गए दोनों मोबाइल ट्रेस करने में लगी है, जिससे फरेंसिक एक्सपर्ट के माध्यम से उसके रेकॉर्ड इकट्ठे किया जा सकें।

### पिता की 2 नहीं, 4 शादियां?

लोगों के अनुसार, मासूमों के पिता ने 4 शादियां की थीं। पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जबकि अन्य तीनों बहनें हैं। एओए अध्यक्ष के मुताबिक, परिवार को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी नहीं लगती, क्योंकि उन्होंने सोसायटी में ही 3 कमरों के 2 फ्लैट किराए पर ले रखे हैं। समय पर किराया और मेंटिनेंस शुल्क भी जमा होता है। AOA का कहना है कि प्रबंधन समिति का उद्देश्य केवल सच्चाई को सामने लाना है।

### चौथी पत्नी हो गई थी लापता

घटना के बाद अपार्टमेंट ओनर असोसिएशन (AOA) भी अपने स्तर पर जांच में जुट गई है। एओए अध्यक्ष जय ठाकुर ने बताया कि सोसायटी के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की जाएगी, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों को समझा जा सके। उन्होंने बताया कि पिछले साल वट सावित्री पर्व के दिन बच्चियों के पिता प्रबंधन समिति के पास अपनी पत्नी की मिसिंग की सूचना लेकर आए थे और मदद की गुहार लगाई थी। हालांकि, बाद में पत्नी मिल गई थी।

## स्ट्रे डॉग्स का आतंक

# कुत्तों के झुंड का मासूम पर हमला, चेहरे पर गहरे घाव

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

**शहर में** स्ट्रे डॉग का आतंक बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह अर्थला स्थित न्यू हिंडन विहार की नीलमणि कॉलोनी में 5 साल के बच्चे पर एक साथ तीन कुत्तों ने हमला कर दिया। जब तक बच्चा संभलने का प्रयास करता डॉग्स ने उसके मुंह और आंख पर बुरी तरह से काट लिया। इससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर कुछ दूरी पर खड़े उसके पिता और चाचा दौड़कर मौके पर पहुंचे और बच्चे को बचाया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को जिला एमएमजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चा दहशत में है और कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है।

अर्थला निवासी समीर ने बताया कि शुक्रवार को वह ऑफिस जाने की तैयारी कर रहे। जबकि परिवार के अन्य लोग दूसरे कमरों में थे। इसी दौरान उनका पांच साल का बेटा तल्हा खेलते हुए घर से बाहर चला गया और उसके चीखने की आवाज आई। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर वह घर से बाहर निकले तो देखा कि तीन कुत्तों ने बच्चे को नीचे गिरा रखा था और उस पर तेजी से झपट रहे हैं। इसे देख समीर अपने छोटे सलमान के साथ तेजी से बेटे को बचाने के मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया।

उन्होंने बताया कि कुत्तों के काटने से बच्चे के चेहरे पर गहरे घाव हो गए हैं, जिससे वह बुरी तरह घबरा गया है। परिजन तुरंत उसे लेकर को जिला एमएमजी अस्पताल पहुंचे, जहां इमरजेंसी में उसका इलाज किया गया। डॉक्टरों ने घावों की सफाई कर एंटी-रेबीज सीरम लगाया और बच्चे को भर्ती कर लिया है। अस्पताल के डॉक्टर बृजेश ने बताया कि बच्चे के चेहरे और आंख के पास गंभीर चोट होने के कारण विशेष सावधानी बरती जा रही है। डॉक्टर का कहना है कि यदि थोड़ी देर और हो जाती तो बच्चे की आंख को नुकसान हो सकता था। बच्चे के चाचा सलमान ने बताया कि कॉलोनी में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर रोज तीन से चार लोगों को स्ट्रीट डॉग काट लेते हैं। इस बारे में निगम से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया है।



हिंडन विहार की घटना, बच्चे के पिता और चाचा ने शोर सुन बचाया

डॉक्टर बोले-देर होती तो आंख को हो सकता था नुकसान

## पार्श्वनाथ पैराडाइज में बना डॉग फीडिंग पॉइंट

■ NBT रिपोर्ट, मोहन नगर : पार्श्वनाथ पैराडाइज सोसायटी में लगातार बढ़ रही स्ट्रे डॉग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रबंधन समिति ने सोसायटी के इन-गेट के पास डॉग फीडिंग पॉइंट बनवाया है। प्रबंधन समिति का उद्देश्य यह है कि स्ट्रे डॉग को एक निर्धारित स्थान पर ही भोजन उपलब्ध कराया जाए। इसी के साथ ही एओए ने निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी से अपील की है कि सोसायटी परिसर के अंदर आवारा कुत्तों को भोजन न कराया जाए। एओए अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के मुताबिक, सोसायटी के अंदर स्ट्रे डॉग को भोजन कराने से बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है। तय स्थान पर फीडिंग से न केवल अनुशासन बना रहेगा, बल्कि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सकेगा। बता दें कि, इससे पहले निवासियों की शिकायतों के आधार पर नगर निगम की टीम ने सोसायटी परिसर से 5 स्ट्रे डॉग को पकड़कर इलाज और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा था।




### लोगों ने सराहा

निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए घूमने वाले सभी कुत्तों के गले में नंबर वाला कॉलर लगाने की भी सलाह दी, ताकि यह साबित हो सके कि वे बाहरी नहीं हैं। 24 घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए। आने-जाने वाले गेटों पर स्टील या प्लास्टिक की पट्टियां भी लगाए।

## फटाफट खबरें

### गलत जगह कूड़ा फेंका, 3 कर्मी हटाए

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : नगर निगम ने इंदिरापुरम के वॉर्ड-98 में रेजिडेंट्स की शिकायत पर नगर निगम के 3 कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। स्थानीय निवासी शिवानी जैन द्वारा एक विडियो के माध्यम से आरोप लगाया था कि नगर निगम के कर्मचारी जगह-जगह से कूड़ा इकट्ठा करके आते हैं और अहिंसा खंड-2 की मोड़ पर ढेर लगाकर चले जाते हैं। इस बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर शिकायत भी की है। नगर निगम ने उनकी शिकायत का संज्ञान लेते हुए 3 कर्मचारी अंकुश, विशाल और साहिब की सेवाएं को समाप्त कर दिया है।

### छात्र की पिटाई का विडियो वायरल

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कुछ युवकों ने लाठी और बेल्ट से छात्र को पीटा और विडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो करीब 16 सेकंड का है। इसमें छात्र के कंधे पर स्कूल बैग टंगा है। वह कोतवाली के पास एक स्कूल के बाहर खड़ा है। इसी दौरान 3-4 युवक उसे लाठी और बेल्ट से पीटते नजर आ रहे हैं। एक अन्य युवक मोबाइल से विडियो बना रहा है। बाद में रील बनाई गई, जिसमें भड़काऊ भाषा और गाली-गलौज का प्रयोग किया गया है। रील पर सुच्चा कुछ लिखा है और इसे ऑफिशियल तरुण जाटव फफराना नामक इंस्टाग्राम अकाउंट से अपलोड किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर किशोरी के उत्पीड़न का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मधुबन बापूधाम क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय एक किशोरी से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध पर भी आरोपी नहीं माना। शाम को माता-पिता घर लौटे तो किशोरी ने आपबीती बताई। मामले में किशोरी की मां ने मधुबन बापूधाम थाने में दिव्यांशु के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में किशोरी की मां ने बताया कि 27 जनवरी को वह और उनके पति काम करने घर से बाहर गए थे। उस दौरान उनकी 13 साल की बेटी घर पर अकेली थी। उस दौरान पास में ही रहने वाला दिव्यांशु नाम का लड़का उनके घर में घुस गया और बेटी के साथ जबरन गलत काम किया। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### युवती से दुष्कर्म कर कराया गर्भपात


■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ दुष्कर्म करने और फिर गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। शिकायत में युवती ने बताया कि 7-8 साल पहले उनकी पहचान शहजाद से हुई थी। वह उनकी जानकारी पता कर उनके घर आने जाने लगा, कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। कई बार गर्भवती होने पर उसने उनका गर्भपात करा दिया। इसी बीच उसने उनके अश्लील विडियो बना लिए और फिर ब्लैकमेल कर अपने और दोस्तों के घर ले जाकर दुष्कर्म करने लगा। कई बार में डेढ़ लाख रुपये ले चुका है। शिकायत करने पर उसने व उसके परिवार के लोगों ने उन्हें धमकी दी। धमकी देकर उन्होंने कोर्ट में उनके बयान बदलवा दिए। एसीपी उपासना पांडेय ने कहा कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छत पर खड़े BSc के छात्र को लगी गोली, हर्ष फायरिंग की आशंका

■ NBT न्यूज, मोदीनगर

**सुभाष विहार** कॉलोनी में शुक्रवार सुबह बीएससी का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने घायल हो गया। आशंका है कि हर्ष फायरिंग के दौरान छात्र को गोली लगी है। वहीं, पुलिस गोली लगने से इनकार कर रही है। पुलिस का मानना है कि नुकीली वस्तु लगने से छात्र घायल हुआ है। छात्र को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुभाष विहार कॉलोनी निवासी परवीन कुमार नोएडा की निजी कंपनी में इंजीनियर हैं। उनका बड़ा बेटा वंश बीएससी का छात्र है। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे वंश छत पर गया था, जहां वह मां मनीषा की कपड़े धोने में मदद करने लगा। इसी दौरान धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और वंश की पीठ में गोली लग गई। परिजनों ने उसे मोदीनगर के अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने एमएमजी अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। छत से गोलीनुमा नुकीली वस्तु बरामद की गई, जिसे जांच के लिए भेजा गया है। लोगों के मुताबिक, घटना के समय पड़ोस में शादी समारोह चल रहा था। सुबह करीब सात बजे पटाखे फोड़े जा रहे थे। लोगों ने हर्ष फायरिंग की भी आशंका जताई है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में नुकीली वस्तु से छात्र के घायल होने की बात सामने आ रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रख छानबीन की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### जांच के बाद कार्रवाई

- सुभाष विहार कॉलोनी की घटना, घायल को MMG में कराया गया भर्ती
- पुलिस गोली लगने से कर रही इनकार, नुकीली वस्तु से घायल होने की बात कही

## उधार के ₹300 मांगने पर की थी हत्या, दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : लिंक रोड क्षेत्र में कौशांबी बस स्टैंड के पास शौचालय के कर्मी प्रेम कुमार की दो फरवरी को हत्या की घटना का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि आरोपी अलीगढ़ के अकराबाद निवासी सुखबीर उर्फ सुमित और पश्चिम बंगाल के फरीदपुर निवासी राकेश प्रसाद उर्फ छोटू हैं। दोनों कौशांबी बस अड्डे के सामने शौचालय के पास नशा करते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात प्रेम कुमार से हुई। दोनों ने बताया कि उन पर शौचालय के 300 रुपये उधार थे। प्रेम कुमार ने शौच करने से रोक दिया और उधार के रुपये मांगे। इसी दौरान राकेश की प्रेम से कहासुनी हो गई और मारपीट के बाद दोनों चले गए। दो फरवरी को दोनों वैशाली मेट्रो के सामने वाले शौचालय पर गए। वहां भी प्रेम कुमार मिला। आरोपियों ने पहले शराब पी और मौका मिलते ही प्रेम कुमार की हत्या कर दी।

### आरोपी दोस्तों ने सुपारी की रकम वसूलने को बनाया था 'साड़ी के पैसे' नाम से कोडवर्ड

# दोस्तों को 5 लाख रुपये की सुपारी देकर कराई थी कैंसर से पीड़ित पत्नी की हत्या

■ NBT न्यूज, हापुड़

**बहादुरगढ़ में** दो फरवरी की सुबह हुई **रीता शर्मा** हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने पति सहित तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पति ने ही गृहक्लेश और बीमारी से परेशान होकर 5 लाख रुपये की सुपारी देकर दो दोस्तों से पत्नी की हत्या करवाई थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दोस्तों ने सुपारी के पांच लाख रुपये वसूलने के लिए 'साड़ी के पैसे' नाम से कोडवर्ड भी बनाया था, ताकि किसी को शक नहीं हो।

जानकारी के अनुसार, बहादुरगढ़ के मोहम्मदपुर रुस्तमपुर गांव में दो फरवरी की सुबह रीता शर्मा की गला काटकर हत्या कर दी थी। घटना के समय पति राहुल शर्मा किसी विवाह समारोह में बाहर गए थे। घर आने पर उन्होंने लूट का विरोध करने पर पत्नी की हत्या की बात कही थी। वहीं, मृतका के मायकेवालों ने बताया कि आरोपी पति राहुल के गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध थे, जिसको लेकर रीता के साथ अक्सर मारपीट करता था। इसी की वजह से उसकी हत्या की गई। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मायकेवालों की तहरीर पर आरोप पति राहुल शर्मा, सास गायत्री शर्मा, ससुर विनोद शर्मा और गांव निवासी एक महिला पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मामले में पुलिस ने पति सहित तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।






पति राहुल ने दोस्त शेरा और फिरोज की 60-60 हजार रुपये की उधारी भी कर दी थी माफ

### ऐसे रची पूरी साजिश

आरोपी पति ने बताया कि उसने हत्या के लिए साथ काम करने वाले शेरा और फिरोज को 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी। इसके अलावा, उसने दोनों की 60-60 हजार रुपये की उधारी भी माफ कर दी थी। इसके बाद तीनों ने मिलकर 2 फरवरी की रात को रीता की हत्या कर दी और बचने के लिए ग्राम नानई में शादी में जाकर फोटो खिंचवाकर बाइक से बिजनौर स्थित अपनी दूसरी दुकान में जाकर सो गया। इसके बाद सुबह छह बजे घर आकर लूट और रीता की हत्या की कहानी सबको बताई। राहुल ने बताया कि उसकी पत्नी कैंसर से पीड़ित थी और अक्सर घर में क्लेश करती थी, खासकर उसकी मां से बात करने का विरोध करती थी। इसी से तंग आकर उसने यह कदम उठाया था।

## कंपनी के हेड अकाउंटेंट को रास्ते में रोककर पीटा

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : शालीमार गार्डन क्षेत्र में कंपनी के पूर्व कर्मी ने कंपनी के हेड अकाउंटेंट को रास्ते में रोककर मारपीट और हत्या की धमकी। मामले में राजनगर एक्सटेंशन के हाई एंड पैराडाइज सोसाइटी निवासी शुभम कुमार कर्ण ने कोर्ट के आदेश पर विजयनगर निवासी मोनू प्रजापति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शुभम ने बताया कि वह नोएडा स्थित ओरियान पावर लिमिटेड में हेड अकाउंटेंट हैं। वहां मोनू भी काम करता था। आरोप है कि 16 मई 2025 को मोनू ने 20 लाख रुपये की मांग की। 26 जनवरी 2026 को वह करनगेट चौकी के पास खड़े थे। तभी आरोपी वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर आरोपी ने मारपीट की।

चेतावनी | हाई कोर्ट ने डेढ़ साल पहले दिए थे आदेश, अफसरों ने गंभीरता से नहीं लिया

# आदेश नहीं माना, GDA वीसी को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

**इंदिरापुरम के** अहिंसा खंड एक स्थित शिप्रा सृष्टि सोसायटी के बेसमेंट में अवैध निर्माण हटाने को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने डेढ़ साल पहले जो आदेश जारी किया था, उसका पालन आज तक जीडीए ने नहीं किया है। अब इस मामले में हाई कोर्ट ने अवमानना का नोटिस जीडीए वीसी नंद किशोर कलाल को भेजा है। वकील विकास तिवारी ने बताया कि यदि हाई कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरी में अवमानना याचिका दाखिल करनी पड़ेगी, जिसका परिणाम जुर्माना या नियम अनुसार जेल भी हो सकता है।

**2023 का है यह मामला:** यह मामला साल 2023 का है। जब जीडीए ने शिप्रा सृष्टि सोसायटी के एओए को बेसमेंट नक्शे के उलट अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। जब एओए ने जीडीए के नोटिस की तरफ ध्यान नहीं दिया तो साल 2024 सितंबर महीने में जीडीए की तरफ से अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके खिलाफ यहां के एओए ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में रिट डाली थी लेकिन पूरा मसला सुनने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रिट खारिज कर दी और जीडीए को आदेश दिया कि इस सोसायटी के लिए जो नक्शा पास किया गया है उसके मुताबिक, सोसायटी का बेसमेंट पुनर्स्थापित किया जाए।

**लोगों में बैठा डर :** हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद इंदिरापुरम की दूसरी सोसायटियों में हो रखे अवैध निर्माण को लेकर लोगों में डर बैठ गया था। वहीं, जीडीए की तरफ से इस दौरान बयान भी दिया गया था कि सर्वे करवाकर नक्शे के विपरीत जो भी सोसायटी में अवैध निर्माण है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।




- आदेशों का पालन नहीं किया तो अवमानना याचिका दाखिल करनी पड़ेगी
- इसका परिणाम जुर्माना या जेल भी हो सकता है

## चाइनीज मांझे पर प्रशासन सख्त, दुकानों में की जांच

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद/ हापुड़

**चाइनीज मांझे** के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद हापुड़ और गाजियाबाद में प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है। शुक्रवार को सीओ वरुण मिश्रा के नेतृत्व में शहर में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस बल के साथ पुराना बाजार और कोटला बाजार में स्थित पतंग की दुकानों का निरीक्षण किया। वहीं, गाजियाबाद में पुलिस-प्रशासन ने पतंग विक्रेताओं को चाइनीज मांझा बेचने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। आदेश में कहा गया है कि इस मांझे के कारण किसी की मौत होती है तो हत्या का और दुकान पर बेचते पाए जाने पर हत्या के प्रयास का मुकदमा चलेगा। हालांकि निरीक्षण के दौरान किसी भी दुकान से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। वहीं, कुछ दुकानें बंद मिलीं। अधिकारियों ने आसपास खेल रहे बच्चों से भी चाइनीज मांझे की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।



सीओ वरुण मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया विशेष अभियान

हमारा पता
एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साहिबाबाद
इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader
@timesofindia.com

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZPG2 User: cci Time: 02-06-2026 22:24 Color:



# विंटर की सीज़न एंड सेल में पहुंच रही है ग्राहकों की भीड़

सर्दियों के इस जाते सीजन में अभी भी लोग बड़ी मात्रा में विंटर के कपड़ों और एक्सेसरीज की खरीदारी कर रहे हैं। यहां तक कि जिन जगहों पर सेल लगी हुई है, वहां तो पब्लिक अच्छी खासी संख्या में पहुंच रही है। आलम यह है कि ब्रैंडेड शोरूम से लेकर स्ट्रीट मार्केट तक हर जगह ऊनी कपड़ों, फुटवियर और एक्सेसरीज पर आकर्षक छूट देखने को मिल रही है। यहां तक कि 90 साल पूरे कर चुका दिल्ली का कनॉट प्लेस (CP) अपनी ऐतिहासिक पहचान और ब्रैंडेड-बजट विकल्पों के चलते सेल सीजन में खास आकर्षण बना हुआ है।

## ब्रैंडेड और बजट खींच रहा ग्राहक

मार्केट्स और हाई-स्ट्रीट शॉपिंग एरिया में विंटर कलेक्शन पर आमतौर पर 30 से 70 फीसदी तक छूट मिल रही है। कई इंटरनेशनल और नैशनल ब्रैंड्स कोट, स्वेटर, ब्लेजर, हुडीज, थर्मल वियर और विंटर एक्सेसरीज पर विशेष ऑफर दे रहे हैं। वहीं स्ट्रीट मार्केट्स में जैकेट, स्वेट शर्ट, स्कार्फ, कैप और अन्य ऊनी कपड़े अपेक्षाकृत कम कीमत में मिल जाते हैं। दरअसल, एंड-ऑफ-सीजन सेल का सबसे बड़ा फायदा यही है कि कम कीमत में बेहतर क्वालिटी के कपड़े खरीदे जा सकते हैं। यही वजह है कि लोग बड़ी संख्या में सेल का फायदा लेने पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि इस समय क्लासिक डिजाइन और न्यूट्रल रंग चुनने से कपड़े लंबे समय तक ट्रेंड में बने रहते हैं और अगले साल भी आसानी से इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसके अलावा, कार्ड ऑफर, कैशबैक, कूपन और लॉयल्टी पॉइंट्स जैसे विकल्प बचत को और बढ़ा देते हैं, जबकि कई दुकानों में ज्यादा खरीदारी पर अतिरिक्त छूट भी मिल जाती है।

### समझदारी से करें खरीदारी

खरीदारी से पहले जरूरतों की सूची बनाना, कीमतों की तुलना करना और क्वालिटी पर ध्यान देना फायदेमंद रहता है। थोड़ी समझदारी और सही टाइमिंग के साथ की गई खरीदारी लंबे समय तक उपयोगी साबित हो सकती है।

## एक्सेसरीज़ पर भी शानदार ऑफर

खास बात यह है कि यह विंटर सेल सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं है। बैग्स, फुटवियर, ज्वैलरी, बेल्ट, सनग्लासेस, स्कार्फ और अन्य विंटर एक्सेसरीज पर भी अच्छी छूट मिल रही है। खासतौर पर जूते, बूट्स और स्नीकर्स पर चल रही सेल उन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है जो स्टाइल और आराम दोनों का संतुलन बनाए रखना चाहते हैं। कई बाजारों में घर से जुड़े सामान जैसे डेकोर आइटम, किचन एक्सेसरीज, बेडशीट, कुशन कवर और छोटे इलेक्ट्रॉनिक होम प्रोडक्ट्स पर भी ऑफर मिल रहे हैं। इससे न सिर्फ वॉर्डरोब अपडेट होता है, बल्कि घर की रोजमर्रा की जरूरतें भी बजट में पूरी हो जाती हैं।

### ब्रैंडेड शॉपिंग चाहने वालों के लिए मौका

कनॉट प्लेस (CP) विंटर एंड-ऑफ-सीजन सेल में किफायती शॉपिंग का प्रमुख केंद्र है। यहां ब्रैंडेड शोरूम और बजट मार्केट दोनों मौजूद हैं, जिससे हर तरह के खरीदार को विकल्प मिलते हैं। पालिका बाजार बजट शॉपिंग के लिए लोकप्रिय है, जबकि जनपथ ट्रेंडी कपड़ों और एक्सेसरीज के लिए युवाओं की पसंदीदा जगह है। इसके अलावा, सरोजिनी नगर, लाजपत नगर, चांदनी चौक और जनपथ जैसे बाजार भी किफायती शॉपिंग के लिए ग्राहकों के बीच अच्छे खासे मशहूर हैं।

iStock

Consumer Connect Initiative






See our Exclusive Luxury Collection, VIP Room at Connaught Place & Omaxe Chowk, Chandni Chowk. Open all days | customer care: +91 9310884100

End of Reason
SALE
FLAT 45% OFF ON SELECTED STOCK

Luxury Boutique Now Open at Unity One Elegante, NSP, Delhi
Flagship Stores Now Open at Omaxe Mall, Chandni Chowk, Delhi

Ghaziabad : North India Mall (Shipra Mall), Indirapuram | Noida : Gaur City Mall, Ph. 7678510753
DLF Mall of India, Ph. 8586900495 | GIP Mall, Ph. 8586900496
Delhi : Connaught Place | Ambience Mall, Vasant Kunj | Pacific Mall, Tagore Garden | Pacific Mall, NSP | Vegas Mall, Dwarka | Kurta Story, D21, Pacific Mall, Dwarka
Gurgaon : Kurta Story, Airia Mall, Sector 68 | Ambience Mall | Sector 14, Main Banking Lane
Faridabad : Pacific Mall of Faridabad

Winter Fresh Stocks Added Clearance
SALE
Flat 50 %off*
on all woollen knitwear.
*Not Valid on woolmark, Acessories & Other Brands
Pullovers • Cardigans • Jackets • Hoodies • Coats • Co-ords • Shawls • Accessories & Much More
V.K Thapar
CONNAUGHT PLACE: OPP. A BLOCK, METRO EXIT 7, NEW DELHI 110001



PITAMPURA ◆ CONNAUGHT PLACE ◆ MALL OF INDIA, NOIDA ◆ CITY CENTRE GURUGRAM
Also at LUCKNOW - LULU MALL ◆ HAZRAT GANJ
SHOP INSTORE AND AT WWW.GREENWAYS.CO, INSTA: GREENWAYSDELHI

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZPG3 User: cci Time: 02-06-2026 22:51 Color:



## फटाफट खबरें

### विधायक गुर्जर ने की फिल्म की आलोचना

■ NBT न्यूज, लोनी : नेटफ्लिक्स पर घूसखोर पंडित फिल्म में ब्राह्मण समाज को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को बनाने वाला कांग्रेस का वर्कर है। फिल्म के नाम और उसकी सामग्री को लेकर ब्राह्मण समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। कई संगठनों ने इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### फ्लैट का ताला तोड़ जूलरी व नकदी चोरी

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन: साहिबाबाद क्षेत्र के पंचशील पार्क स्थित एसपैरेस अपार्टमेंट के फ्लैट का ताला तोड़कर बदमाशों ने जूलरी और नकदी चोरी कर ली। मामले में गरिमा सिंह ने साहिबाबाद थाने में केस दर्ज कराया है। गरिमा सिंह ने बताया कि साहिबाबाद स्थित फ्लैट पर माता-पिता और बेटा रहते हैं। वर्तमान में वह दिल्ली उन्हीं के पास आए हुए थे। गुरुवार को जब वह फ्लैट पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### तेज आवाज में DJ बजाने पर दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : टीलामोड़ क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर तेज आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजकुमार शर्मा ने बताया कि पांच फरवरी की रात बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक पर मालवाहक वाहन में तेज आवाज में डीजे बजता दिखाई दिया। शिकायत मिलने पर दिल्ली के करावल नगर निवासी जुगल किशोर और पश्चिमी दिल्ली निवासी रजनीश को अरेस्ट कर डीजे सीज कर दिया।

### झुलसी अवस्था में मिला युवक का शव

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में शुक्रवार दोपहर ट्यूबवेल के पास युवक का झुलसी अवस्था में शव मिला है। पुलिस का मानना है कि करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। मृतक की पहचान मेरठ के गांव सौलाना निवासी कादिर (25) के रूप में हुई है। शुक्रवार दोपहर किसान खेतों की तरफ जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर शव पर पड़ी।

# चोरी की बिजली से घर हो रहे रोशन, 76 लाख बकाया

## अकबरपुर बहरामपुर में पोल से तार डाल चार्ज कर रहे थे 10 ऑटो

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

**जिले में** बीते एक साल के दौरान बिजली चोरी के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिला है। विद्युत निगम की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक कुल 14,939 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई थी। शुक्रवार को भी अकबरपुर बहरामपुर में 17 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। गाजियाबाद विजिलेंस टीम लगातार निरीक्षण कर रही है। रेड टीम के अध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि अकबरपुर बहरामपुर में ऑटो रिक्शा चार्जिंग का कार्य मुल्लाजी पार्किंग, थाना क्रॉसिंग क्षेत्र में सलीम द्वारा किया जा रहा था। सलीम ने अपने घरेलू मीटर को बाईपास कर सामने लगे एलटी लाइन पोल से तार डाल रखा था। पार्किंग के अंदर बिजली चोरी कर ऑटो रिक्शा चार्जिंग का कार्य किया जा रहा था, जहां मौके पर 10 रिक्शा चार्ज होते हुए मिले। मामले में बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

**पिछले साल 14,939 स्थानों पर चोरी पकड़ी गई थी**

AI image



### इन स्थानों पर चलाया जा रहा अभियान

मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि अकबरपुर बहरामपुर, कैला भट्ठा, पसौंडा, तुलसी निकेतन, विजय नगर, भोपुरा, गरिमा गार्डन, राहुल विहार, बुद्ध विहार, सेन विहार, शांति नगर, हिंडन विहार, राजीव कॉलोनी, भोपुरा, घूकना मोड़, नंदग्राम सहित कई इलाकों में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

### 4,065 उपभोक्ताओं से बिल जमा करवाए

ग्रामीण जोन-2 के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि विद्युत निगम द्वारा लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान कई स्थानों पर बिजली चोरी करते हुए उपभोक्ताओं को पकड़ा गया है। इन उपभोक्ताओं के मौके पर ही कनेक्शन काट दिया जाता है और एफआईआर दर्ज कराई जाती है। नियमों के तहत जुर्माना भी लगाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में 14,938 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई है, जिसमें 76 लाख 41 हजार रुपये बकाया चल रहा है। इसमें 4,065 उपभोक्ताओं से बिल जमा करवा कर 6 लाख 46 हजार की वसूली की गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मधुबन बापूधाम क्षेत्र में बाइक सवार को वाहन ने टक्कर मार दी। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में उसकी बहन मोहिनी ने मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में निलाया ग्रीन सोसायटी निवासी मोहिनी ने बताया है कि चार फरवरी की रात उनके भाई मोहित शर्मा नंदग्राम स्थित एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। मेरठ रोड पिलर नंबर 676 के सामने एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक शादी वाली बग्गी से टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्या का कहना है कि जांच जारी है।

### गलत दिशा में आई बाइक की टक्कर से पैर टूटा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र में एसबीएस स्कूल के पास गलत दिशा से आई बाइक ने दूसरे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। मामले में उनके बेटे ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। नंदग्राम के संगम विहार निवासी देवेश झा ने बताया कि 29 जनवरी को उनके पिता अजय कुमार झा को एसबीएस स्कूल के पास गलत दिशा से आई बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पैर में फ्रैक्चर हो गया और काफी गंभीर चोट आई है। अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है।

# 25 दिन पहले युवक की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लोनी

**थाना पुलिस** ने 25 दिन पहले गोली मारकर शिवम उर्फ लालू की हत्या के मामले का शुक्रवार को खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। एसीपी शान्तिप्रकाश राय ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी जुबैर बुद्ध नगर कॉलोनी का रहने वाला है। मामले में आरोपी शहजाद, अकबर उर्फ मोनू, सुहैल उर्फ मन्नू और श्याम को जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में जुबैर ने बताया कि सुहैल उर्फ मन्नू मौसी का पुत्र होने के साथ साथ सगा बहनोई है। उसकी बड़ी बहन को तलाक देकर सुहैल ने दिल्ली निवासी युवती से शादी कर ली थी। इससे वह बहनोई से नाराज था।

### बहन के तलाक से नाराज



- जुबैर ने बताया कि सुहैल उर्फ मन्नू मौसी का पुत्र होने के साथ-साथ सगा बहनोई है
- बड़ी बहन को तलाक देकर सुहैल ने दिल्ली निवासी युवती से शादी कर ली थी

### बहनोई को फंसाने के लिए रची साजिश

जुबैर ने बताया कि सुहैल लूट करना चाहता था, जिसके लिए उसे पिस्टल की जरूरत थी। उसे पता था कि साथी शिवम के पास पिस्टल है। बहनोई ने साथी शहजाद के सामने शिवम से पिस्टल मांगने की बात कही थी। जुबैर को पता था कि शिवम पिस्टल नहीं देगा। इस पर विवाद होगा और शिवम या बहनोई में से किसी एक जान चली जाएगी। दोनों ओर से नुकसान बहनोई का होगा, जिसके बाद उसने शिवम के अल्वी नगर कॉलोनी में लकड़ी के गोदाम में दोस्तों के साथ दावत की जानकारी बहनोई को दी और मौके से चला गया। इसके बाद बहनोई सुहैल बाइक से साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और पिस्टल लेने के लालच में शिवम की हत्या कर दी। इसके बाद पिस्टल और मोबाइल लेकर फरार हो गया था। एसीपी ने बताया कि शिवम से छीनी गई पिस्टल भागते समय गिर गई थी, जो बरामद नहीं हो सकी है।

## पुराने की जगह नया देने का झांसा देकर ट्रैक्टर हड़पा

■ NBT न्यूज, मोदीनगर

**पुराने की** जगह नया देने का झांसा देकर किसान से ट्रैक्टर हड़प लिया। अब पीड़ित को जान से मारने की धमकी मिल रही है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव मकरमतपुर सिखेड़ा निवासी अंकित कुमार किसान है। उनके मुताबिक, फरवरी 2025 में उनके पास एक व्यक्ति आया। उसने खुद को ट्रैक्टर एजेंसी संचालक बताकर ऑफर दिया कि पुराने के बदले में कंपनी की ओर से नया ट्रैक्टर दिया जा रहा है। आरोपी के झांसे में आकर किसान ने अपना पुराना ट्रैक्टर दे दिया। लंबा समय बीतने के बाद भी नया ट्रैक्टर नहीं मिला तो पुराना लौटाने को कहा। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीकर सिंह ट्रैक्टर एजेंसी मलिक निवासी हापुड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### फीस जमा करने के बहाने ₹52 हजार ठगे

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विजयनगर क्षेत्र निवासी व्यक्ति के खाते से शातिर ने फीस जमा करने के बहाने 52,200 रुपये ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में प्रताप विहार निवासी सचिन कुमार गर्ग ने बताया कि सुनील ने फोन किया और कहा कि मुझे पोते की फीस जमा करनी है। उन्होंने उसे फीस की अमाउंट बता दी। उसने मैसेज कर बताया कि ज्यादा पेमेंट कर दी है। आप रिफंड कर दो। उन्होंने 52200 रुपये रिफंड कर दिए। बाद में उन्हें धोखाधड़ी का पता चला।

### घर में घुसकर की मारपीट, 7 नामजद

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : गांव सुठारी में गाली देने का विरोध में आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आदिल ने बताया कि उसकी मां घर के बाहर खड़ी थी। पड़ोसी गाली दे रहा था, विरोध पर आरोपी जबरन घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मतलूब, निशान, फरहान, जुल्फी इलेकार, साकिब, फराकत और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### पड़ोसियों पर मां-बेटी से मारपीट करने का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र के मरियमनगर में मां-बेटी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि वह बेटी को स्कूल लेने गई थी। पड़ोसियों ने दोनों के साथ मारपीट की। मोनिका वर्मा ने नंदग्राम थाने में सुनील, अकांक्षा व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## चोर पिकअप में ले जा रहे थे ट्रांसफॉर्मर, शोर सुनकर ग्रामीण जागे तो गाड़ी छोड़कर फरार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विजयनगर क्षेत्र के गांव सजवान नगर में चोर ट्रांसफॉर्मर चोरी कर रहे थे। आवाज सुनकर लोग आए तो चोर बुलेरो पिकअप छोड़कर भाग गए। घटना 30 जनवरी की देर रात करीब डेढ़ बजे की है। मामले में सजवान नगर निवासी सुरेंद्र प्रजापति ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में सुरेंद्र प्रजापति ने बताया कि गांव में हकीम के मकान के सामने एक पुराना टूटा ट्रांसफॉर्मर रखा है। 30 जनवरी देर रात करीब डेढ़ बजे चोर ट्रांसफॉर्मर को चोरी कर बुलेरो पिकअप में लोड करके ले जाने लगे। तभी गांव के कुछ लोग आवाज सुनकर आए और शोर मचाया। तभी पुलिस के हूटर की आवाज सुनकर चोर गांव के बाहर गाड़ी छोड़कर झाड़ियों के रास्ते भाग गए। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**गांव सजवान नगर में पुलिस के हूटर की आवाज सुनकर चोर झाड़ियों के रास्ते भाग गए**

### राजेंद्र नगर से स्कूटी चोरी सोसायटी के गार्ड पर आरोप

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : राजेंद्र नगर सेक्टर तीन निवासी प्रभात कुमार ने सोसायटी के सुरक्षा गार्ड पर स्कूटी चोरी का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया कि 28 जनवरी को सुरक्षा गार्ड स्कूटी मांगकर ले गया था। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी नहीं लौटा तो उन्होंने तलाश शुरू की। रेलवे रोड पर शराब ठेके पर गार्ड नशे में मिला, जब पूछा तो स्कूटी चोरी होने की बात कही। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### फिल्म देखकर लौट रहे युवक से मोबाइल छीना

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : लिंक रोड क्षेत्र स्थित शॉपिंग मॉल के बाहर खड़े युवक से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल छीन कर फरार हो गए। इटावा निवासी शिवम चौरसिया की शिकायत पर पुलिस ने पांच फरवरी को केस दर्ज किया है। शिवम ने बताया कि एक फरवरी को मॉल में फिल्म देखने और खरीदारी करने गया था। रात करीब साढ़े 10 बजे मॉल के बाहर खड़े होकर कैब बुक कर रहे थे। इस दौरान बाइक सवार मोबाइल छीनकर भाग गया।

### महिला और बच्चों को टक्कर मारने वाले कार चालक पर केस

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : विजयनगर क्षेत्र में दो फरवरी को एक कार चालक की ओर से महिला और उसके दो बच्चों को टक्कर मारने के मामले में केस दर्ज किया गया है। महिला के ससुर देव करम पांचाल ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में दिल्ली के मानसरोवर पार्क निवासी देव करम ने बताया कि दो फरवरी की सुबह करीब 11 बजे उनकी पुत्रवधू मुस्कान दोनों बच्चे प्रियांशी और युवराज के साथ प्रताप विहार विजयनगर वकील कॉलोनी में किसी परिचित के यहां गई थी। पुत्रवधू बच्चों को दुकान से सामान दिलाने के लिए गई थी। वापसी के दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। इससे पुत्रवधू दूर उछलकर जा गिरी। तीनों के काफी गंभीर चोटें आई हैं। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।





BODYCARE EXCLUSIVE BRAND OUTLETS :-

› Sector 63, GB Nagar, Noida, UP | Mob: 9654454603 › Sector 18, GB Nagar, Noida, UP | Mob: 9654454603 › Indirapuram, Ghaziabad, UP | Mob: 9654454603
› Amrapali Leisure Valley, Noida, UP | Mob: 9654454603 › Sector 4, Greater Noida (W), UP | Mob: 9654454603 › Madhu Vihar, Patparganj, Delhi | Mob: 9891649955

Manufactured & Marketed by : BODYCARE CREATIONS LTD. :- D-30, Sector - 63, Noida - 201301, India | Tel: +91 120 4686400 | CUSTOMER CARE: +91 120 4278669
Fax: +91 120 4686401 | customercare@bodycarecreations.com | SHOP ONLINE: www.ebodycare.in | For Trade Enquiries: +91-9899241782 | hkjaiswal@bodycarecreations.com

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZBP User: cci Time: 02-06-2026 23:19 Color:



## फटाफट खबरें

### SRM टीम ने दो अस्पतालों का किया निरीक्षण



■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : जिले की स्वास्थ्य इकाइयों के लखनऊ से कराए जा रहे परीक्षण के पहले दिन डुहाहेड़ा अस्पताल और जिला संयुक्त अस्पताल का निरीक्षण किया गया। सहारनपुर मंडल के संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. डीके सिंह ने इन स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, ओपीडी संचालन और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. डीके सिंह के साथ महालैब अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी विनोद भी मौजूद रहे।

### केंद्र की योजनाओं से कराया अवगत



■ NBT न्यूज, मोदीनगर : ग्राम पंचायत सैदपुर हुसैनपुर दीदना में शुक्रवार को सुशासन ग्राम चौपाल, ग्रीन चौपाल और प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड आदि की जानकारी दी और अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक प्रमुख भोजपुर सुचेता सिंह सहित भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ी पदाधिकारी मौजूद रहीं।

### PM से तनाव को उत्सव में बदलने के मंत्र लिए



■ NBT न्यूज, विजयनगर : प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का शुक्रवार को रोजबेल पब्लिक स्कूल में सीधा प्रसारण किया गया। स्कूल के डायरेक्टर सरदार बलप्रीत सिंह ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री से सरल और आत्मीय भाव से परीक्षा के तनाव को उत्सव में बदलने के मंत्र लिए। प्रधानमंत्री ने समय प्रबंधन और आत्मविश्वास पर जोर देते हुए बच्चों के मन से एग्जाम फोबिया को दूर किया।

### पुलिस ने जानी साइबर क्राइम की बारीकियां



■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) गाजियाबाद में शुक्रवार को श्रीलंका के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय डिजिटल फॉरेंसिक और काउंटर इंटेलिजेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानिदेशक बीपीआरडी आलोक रंजन रहे। यह कार्यक्रम दो फरवरी से शुरू हुआ था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बलों को डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर क्राइम और उसकी रोकथाम तथा किसी भी बड़ी घटना को अंजाम देने से पूर्व खुफिया तंत्र की तकनीकी बारीकियों को समझाना रहा। इस दौरान सीडीआईटी के निदेशक डॉ. सचिन गुप्त आदि मौजूद रहे।

# TV देखने से रोका तो 12 साल के बच्चे ने दे दी जान


## मां ने पढ़ने को कहा था, केबल कनेक्शन कटने से हो गया परेशान

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

**गाजियाबाद में** मोबाइल की लत से तीन नाबालिग बहनों की जान देने की खबर अभी ठंडी पड़ी भी नहीं थी कि नोएडा में भी टेलीविजन देखने की आदत ने 12 साल के बच्चे की जिंदगी छीन ली। सेक्टर-81 स्थित नगला चरण दास इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने 12 साल के बेटे को टीवी छोड़ पढ़ाई करने के लिए डांटा तो उसने गुस्से में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। टीवी देखने के चक्कर में उसने स्कूल जाना छोड़ दिया था। इससे परेशान होकर महिला ने टेलीविजन का कनेक्शन कटवा दिया था। मंगलवार को जब घर में कोई नहीं था तो उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फेज टू थाने को घटना की सूचना मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में हैंगिंग से बच्चे की मौत होना सामने आया है। इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है लेकिन पुलिस जांच कर रही है।

### बच्चा पिछले कुछ समय से नहीं जा रहा था स्कूल

पुलिस ने बताया कि भागलपुर बिहार की मूल निवासी संध्या देवी सेक्टर 81 नगला चरण दास इलाके में किराए पर रहती है। वह घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती है। महिला के पहले पति की मौत हो चुकी है। पहले पति से उन्हें 12 साल का बेटा अमित उर्फ गोलू था। दूसरा पति उसी इलाके में चाय की ठेली लगाता है। महिला ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा पूरे दिन घर पर टीवी देखता रहता था। इसे लेकर वह काफी नाराज रहती थी और उसे डांट देती थी।



### बच्चे ने स्कूल तक जाना छोड़ दिया था

घर के टेलीविजन के केबल का कनेक्शन कटवा दिया था और बच्चे को डांट भी लगाई थी। इसके बाद दोनों काम पर चले गए। घर में अकेला रह गए बच्चे ने कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### बहन आई तो पता चला

बताया गया कि कुछ समय बाद उसकी बहन स्कूल से घर आई तो घटना की जानकारी हुई। उसने अपने मां और पिता को सूचना दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। हालांकि हर पहलू से जांच की जा रही है।

- मां ने कहा, पढ़ाई छोड़कर टीवी देखने में रहता था बिजी
- मंगलवार को पंखे से फंदा लगाकर कर ली आत्महत्या
- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से बच्चे की मौत बताई गई है

### 'बच्चों के साथ वक्त बिताएं, अच्छा और बुरा का फर्क समझाएं'

**मनोवैज्ञानिक चिकित्सक** डॉ. आरके बंसल कहते हैं कि बच्चे लगातार मोबाइल और टेलीविजन देखते-देखते उसके एडिक्टेड हो जाते हैं। परिजन को उनकी आदत छुड़ाने के लिए उसके नुकसान और फायदे के बारे में बताना चाहिए। उनके साथ वक्त बिताएं। सही-गलत बताएं। अगर बच्चों से अचानक मोबाइल या टेलीविजन छीन लिया जाता है तो वह खुद की काल्पनिक दुनिया बनाने लगते हैं। उन्हें लगता है कि जीवन में अब कुछ नहीं बचा है। उन्हें वही चाहिए होता है।

**शुरू से ही ध्यान रखें**

अक्सर मां-पिता घर में खुद मोबाइल और टेलीविजन देखते रहते हैं। उन्हें देखकर बच्चे वीडियो देखना शुरू करते हैं तो परिजन शुरू में उन्हें मना नहीं करते हैं। जब बच्चों के पढ़ाई और सेहत पर असर पड़ना शुरू होता है तो परिजन को होश आता है। इसके बाद बच्चों को टेलीविजन और मोबाइल से दूर करने की कोशिश करते हैं। इससे बच्चों के दिमाग पर सदमा लगता है।

**डांटें नहीं, उन्हें समझाएं**

छोटे बच्चे दिमागी तौर पर उतने समझदार नहीं होते हैं। उनके साथ कड़ाई से व्यवहार नहीं करना चाहिए। अगर उन्हें किसी चीज की अधिक आदत लग गई है तो उन्हें मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक के पास ले जाना चाहिए। काउंसलिंग कराने की जरूरत होती है। बच्चों की बातें सुनें और उनके मन को समझने की कोशिश की जाए। डांटने से वे और जिद्दी हो जाते हैं। उनका ध्यान दूसरी तरफ लगाएं।

# गुड़गांव में 100 से ज्यादा लोगों को एक ही प्रॉपर्टी बेच ठगे ₹500 करोड़

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव



- कंपनी का डायरेक्टर अरेस्ट, आरोपी व साथियों पर 5 FIR दर्ज
- एक यूनिट बेचकर ढाई करोड़ ठगे तो पुलिस से हुई शिकायत
- करोड़ों के फ्लैट वाली DLF कैमेलियास में रहता है आरोपी
- रकम लेने के बाद भी शिकायतकर्ता को कागज नहीं बनवाकर दिए

**एक ही** प्रॉपर्टी का बार-बार सौदा कर लोगों को सपने दिखाए। एक-दो बार नहीं, बल्कि 100 से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। करीब 500 करोड़ रुपये की ठगी का पता चला, जब शहर के एक शख्स ने पुलिस से शिकायत की। आर्थिक अपराध शाखा टू ने जांच शुरू की, जिसके बाद 32 माइल स्टोन के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ध्रुवदत्त शर्मा शहर की सबसे महंगी सोसायटी DLF कैमेलियास में रहता है। डायरेक्टर और उसके साथियों पर शहर में पांच एफआईआर दर्ज हैं, लेकिन वह पहली बार अरेस्ट हुआ है। एसीपी विशाल कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को छह दिन के रिमांड पर लिया है। उसके साथियों को भी जल्द ही अरेस्ट कर लिया जाएगा।

**सेल एग्रीमेंट के नाम पर करता था खेल :** पता चला कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर सेल एग्रीमेंट के नाम पर खेल करता था। इसके बाद कन्वेंस डीड नहीं करवाता था। पुलिस के पास मामला पहुंचा, जब पूरी यूनिट एक कंपनी को बेचकर ढाई करोड़ ले लिए गए, लेकिन कन्वेंस डीड नहीं करवाई। इसके बाद यह मामला आगे बढ़ता गया। इस केस में उसी यूनिट को बार-बार बेचकर करोड़ों की ठगी की गई।

**टुकड़ों में बेची संपत्ति, लीज पर भी दी :** सामने आया कि आरोपी ध्रुवदत्त शर्मा कंपनी एम/एस 32nd विस्टास प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। उसने शिकायतकर्ता की कंपनी एम/एस ट्रीम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2021 में 32 nd माइलस्टोन सेक्टर-15 पार्ट-2 के परिसर की पहली मंजिल पर यूनिट का दो करोड़ 50 लाख में एग्रीमेंट किया। भुगतान के बाद भी इसकी कन्वेंस डीड उस कंपनी के नाम नहीं करवाई। इस यूनिट को टुकड़ों में 25 अन्य को बेचकर अपनी फर्म के नाम पर 30 वर्ष के लिए लीज पर दे दिया।

### 32 माइल स्टोन की पहली बिल्डिंग पर थी यूनिट

**सिविल लाइंस** पुलिस को दो जनवरी को शिकायत मिली थी। 32 माइल स्टोन परिसर की पहली बिल्डिंग पर यूनिट नंबर 24 बेचकर ढाई करोड़ की ठगी की गई। एम/एस ट्रीम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि ने बताया कि एम/एस अब मोटेल्स, जो अब एम/एस 32nd विस्टास प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। शिकायतकर्ता की कंपनी की ओर से 2021 में 21 सितंबर को दो करोड़ 50 लाख रुपये भुगतान किया गया। रकम देने पर आरोपी की कंपनी ने एग्रीमेंट टू सेल तो किया, लेकिन तय समय में कंपनी के नाम कन्वेंस डीड नाम नहीं कराई।

## सुरक्षा के लिए बनाई बाउंड्रीवॉल

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : जीडीए ने सुरक्षा कारणों को देखते हुए इंद्रप्रस्थ योजना में बनाए गए समाजवादी आवास योजना में निर्मित भवनों की बाउंड्रीवॉल को ऊंचा करने के लिए प्रस्ताव बनाया है। इसके लिए अनुमानित राशि 47 लाख रुपये रखी गई है। अधिकारियों ने कहा कि इस दीवार को करीब 10 फीट ऊंचा बनाया जाएगा। इंद्रप्रस्थ योजना के पॉकेट-डी में भूखंड संख्या 5 ए और 5 बी पर निर्मित इस आवासीय योजना में लगातार बाहरी व्यक्तियों के घुसने और कई बार चोरी की घटनाओं के बाद यह फैसला जीडीए की तरफ से लिया गया है। यहां पर लंबे समय से लोग रह रहे हैं उनके द्वारा लगातार इस तरह की शिकायतें आ रही हैं, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है।

## युवती ने हवलदार की पिस्टल से खुद को मारी गोली, मौत

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा : ग्रेनो वेस्ट की सोसायटी में पार्टी कर रहे दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल और उसकी महिला मित्र के बीच विवाद हो गया। इसमें युवती ने हेड कॉन्स्टेबल की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवती उसके साथ पांच साल से रिलेशनशिप में है। जबकि युवक का उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। बिसरख पुलिस ने हेड कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार कर लिया और पिस्टल बरामद कर ली।

दिल्ली पुलिस का हेड कॉन्स्टेबल आशीष पवार गुरुवार की रात ग्रेटर नोएडा वेस्ट की राधा स्काई गार्डन सोसायटी में अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। इसमें आशीष की महिला मित्र भी शामिल थी। पार्टी में आशीष व उसकी महिला मित्र के साथ विवाद हो



गया। इसी दौरान महिला ने आशीष की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। गोली लगते ही आनन फानन में उसे सर्वोदय अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सोसायटी में गोली चलने की आवाज आने और युवती को खून में लथपथ अस्पताल ले जाते समय गार्डों ने देख लिया। इसके बाद सोसायटी के सुरक्षा गार्डों ने पुलिस को सूचना दी। इस मामले में आशीष को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली।

Advertorial, Entertainment Promotional Feature

# Enterटेनमेंट masalamix

## ब्रिटनी बोलीं, जिंदा हूं, ये ही बड़ी बात है

ब्रिटनी स्पीयर्स से उनके परिवार का विवाद हमेशा सुर्खियों में रहा है। अब ब्रिटनी ने अपने परिवार का जिक्र करते हुए कहा है कि मैं जिंदा हूं ये ही बड़ी बात है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इंसान के तौर पर हम सब बस एक-दूसरे से जुड़ा हुआ महसूस करना चाहते हैं। मगर जिन्होंने मदद के नाम पर आपको अकेला करने की कोशिश की, वह गलत थे। बतौर इंसान, हम उनको माफ कर सकते हैं लेकिन आप ऐसी बातें कभी भूलते भी नहीं हैं। जिस तरह से मेरे परिवार ने एक बार मेरे साथ बर्ताव किया था, उसके बाद मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत समझती हूं कि मैं जिंदा हूं। अब मुझे उनसे (परिवार से) डर लगता है।'

वह आगे कहती हैं, 'यह अजीब है कि भगवान कैसे रहस्यमयी तरीकों से काम करता है। देखो, क्या लगता है कि वए आज क्या कह रहे हैं? सच कहूं तो, वह कुछ भी कहें, वे अपने किए की जिम्मेदारी कभी नहीं लेंगे। मैंने एक महीने से डांस नहीं किया क्योंकि मैंने अपनी उंगली दो बार तोड़ ली!'





ब्रिटनी स्पीयर्स अपने परिवार के साथ

> जिस तरह से मेरे परिवार ने मेरे साथ बर्ताव किया था, उसके बाद मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत समझती हूं कि मैं जिंदा हूं। अब मुझे उनसे डर लगता है।'

### दलपति विजय को देना होगा जुर्माना



दलपति विजय से जुड़े एक पुराने मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा लगाए गए 1.5 करोड़ रुपये के जुर्माने को चुनौती दी थी। उन पर यह जुर्माना कथित तौर पर 15 करोड़ की अघोषित आय के सिलसिले में लगाया गया था।

## फूहड़ कॉमिडी का शिकार 'भाबी जी'

Rekha.Khan@timesofindia.com



**फिल्म-भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन**

रेटिंग ★★½ (2.5/5)

**निर्देशक:** शशांक बाली
**कलाकार:** रवि किशन, शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ शेख, मुकेश तिवारी आदि।
**अवधि:** 2 घंटे 15 मिनट
**जॉनर:** कॉमिडी-ड्रामा

सालों से छोटे पर्दे पर दर्शकों के बीच अपना कॉमिक बेस बनाने वाले सिटकॉम भाबी जी घर पर हैं, को जब भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन के रूप में बड़े पर्दे पर लाने की चर्चा चली, तो लगा कि एक लंबे अरसे से दर्शकों के बीच पॉपुलर रहे चिरपरिचित किरदार खूब धमाल मचाएंगे, मगर अफसोस बिलो द बेल्ट, टॉयलेट ह्यूमर, चीप डायलॉग्स और बेसिर-पैर की कहानी के कारण यह एक सस्ती और फूहड़ कॉमिडी फिल्म बन कर रह गई।

विभूति मिश्रा (आसिफ शेख) अपने पड़ोसी मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौर) की पत्नी अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को रक्षाबंधन मनौती पूरी करने के लिए लेकर आता है। मगर इलाके का दबंग शांति (रवि किशन) अंगूरी पर लट्टू हो जाता है। विभूति और अंगूरी की तलाश में आए तिवारी और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को देखकर शांति का भाई क्रांति भी (मुकेश तिवारी) उसे दिल दे बैठता है। अब ये दोनों गैंगस्टर जबरदस्ती अंगूरी और अनीता से शादी करना चाहते हैं। कहानी के दूसरे ट्रैक में बुआ जी नामक एक कार के चक्कर में सक्सेना (सानंद वर्मा), दिनेश लाल यादव (निरहुआ) और हप्पू जी (योगेश त्रिपाठी), टिल्लू (सैयद सलीम जैदी), टीका (वैभव माथुर) जैसे किरदार अफरातफरी मचाते हैं।

मजेदार नोट पर शुरू हुई कहानी को घटिया कॉमिक पंचेज और बिखरा हुआ स्क्रीनप्ले चीप बनाते हैं। यहां अडल्ट कॉमिडी निर्देशक उस फ्लेवर को बढ़ाने के लिए टॉयलेट ह्यूमर और सस्ते पंचेज की भरमार कर देते हैं। पूरी फिल्म में तिवारी का गैस पास करते रहना, अंगूरी का विभूति के नितंब से स्क्रू ड्राइवर की मदद से गोली निकालना, मामा बने बृजेंद्र काला का पैंट में खाना छिपा कर लाना जैसे दृश्य फूहड़ता की पराकाष्ठा को छू जाते हैं। कहानी तब और असहनीय हो जाती है, जब इसमें सीरियल के तमाम लोकप्रिय कलाकारों का मेला लगा दिया जाता है। क्लाइमैक्स भी बेहद बेतुका लगता है। अभिनय के मामले में फिल्म लाज बचा ले जाती है। शुभांगी अत्रे ने अंगूरी के रोल को उसी 'सही पकड़े हैं' के उसी चिरपरिचित भोले अंदाज में जिया है। आसिफ शेख विभूति जी के सुर को पकड़े रखते हैं, जबकि रोहिताश्व तिवारी जी के रूप में साथ देते हैं। विदिशा श्रीवास्तव भी अपने किरदार में जमी हैं। गुंडई करने वाले रवि किशन और मुकेश तिवारी की जोड़ी मनोरंजन जोड़ती है। सानंद वर्मा, बृजेंद्र काला, निरहुआ, सैयद सलीम जैदी, वैभव माथुर, योगेश त्रिपाठी, मुस्ताक खान ठीक-ठाक रहे।

**क्यों देखें**
यह फिल्म न ही देखें, तो बेहतर है।


VANASTHALI PUBLIC SCHOOL
Since 1978
ADMISSION OPEN
SESSION : 2026-27
(From Playgroup Onwards)
PRE-PRIMARY WING
[A Unit of VANASTHALI PUBLIC SCHOOL]
nestling nippers
Let Us Join Hands To Give Flight To Their Wings...
Wee Nippers Playgroup (18-30 Months)



Distinctive Highlights
- Fully Air-Conditioned Classes
- Smart Classes with Digital Interactive Panels
- Well Stocked Libraries
- Sports Activities - Cricket / Volley Ball / Martial Arts / Football / Archery / Chess
- Performing Arts - Guitar / Tabla / Congo / Drums / Synthesizer / Dance / Drama
- Other Features - 3D Lab / Activity Based Curriculum / Hands on Experience / RFID / Edunext / Evening Sports Academy

Admission forms available at school reception between 09:00 am - 01:00 pm.
(Entry from Gate No. 2 only)
Admission forms are available online also at our school website - www.vanasthalischool.com & www.nestlingnippers.in
OUR EDUCATIONAL PARTNERS
XSEED FOUNDATION FOR LIFE | WizeFloor | EDUNEXT
Sector-3, Vasundhara, Ghaziabad, U.P., Sector-10, Vasundhara, Ghaziabad, U.P.,
E-mail : vpsvasundhara@gmail.com, nestlingnippers@hotmail.com,
Website : www.vanasthalischool.in,www.nestlingnippers.in, Ph. No. : 0120-4111061/62

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAJT1 User: cci Time: 02-06-2026 22:16 Color:



फूहड़ कॉमिडी का शिकार 'भाबी जी' देखें अंदर

NBT गाज़ियाबाद Times THA OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । शनिवार, 7 फरवरी 2026



चाइनीज मांझे पर प्रशासन सख्त, दुकानों में की जांच देखें अंदर

RERA No.: UPRERAPRJ674297
https:// up-rera.in/projects
COLLECTION ACCOUNT DETAILS: NAME: FASTIDIOUS BUILDMART PRIVATE LIMITED - COLLECTION A/C
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NO.: 5645825124
BANK NAME: KOTAK MAHINDRA BANK LTD
IFSC CODE: KKBK0005289 | BANK ADDRESS: ADITYA CITY CENTER, INDIRAPURAM, GHAZIABAD (UP) | LAUNCH DATE: 19-09-2019

# लॉकेबल रिटेल शॉप्स

**नोएडा एक्सटेंशन** की प्राइम लोकेशन पर उपलब्ध

## सीमित अवधि के लिए आकर्षक भुगतान योजना

केवल **₹10 लाख*** में बुकिंग करें और **पज़ेशन** के साथ तुरंत **रजिस्ट्री** कराएँ।

| प्रकार | साइज़ | कीमत | बुकिंग राशि | जनवरी 2027 मे देय* | जनवरी 2028 मे देय* |
|---|---|---|---|---|---|
| रिटेल शॉप | 16.81 SQ.MTR. / 181 Sq.ft. | ₹18.4 लाख* | ₹9.2 लाख* | - | ₹9.2 लाख* |
| रिटेल शॉप | 19.97 SQ.MTR. / 215 Sq.ft. | ₹21.9 लाख* | ₹10 लाख* | ₹5.3 लाख* | ₹6.6 लाख* |
| रिटेल शॉप | 23.50 SQ.MTR. / 253 Sq.ft. | ₹25.8 लाख* | ₹10 लाख* | ₹8 लाख* | ₹7.8 लाख* |
| रिटेल शॉप | 29.50 SQ.MTR. / 317.55 Sq.ft. | ₹31.3 लाख* | ₹10 लाख* | ₹11.9 लाख* | ₹9.4 लाख* |
| रिटेल शॉप | 30.84 SQ.MTR. / 332.04 Sq.ft. | ₹32.7 लाख* | ₹10 लाख* | ₹12.9 लाख* | ₹9.8 लाख* |
| रिटेल शॉप | 34.97 SQ.MTR. / 376.48 Sq.ft. | ₹37 लाख* | ₹11.1 लाख* | ₹14.8 लाख* | ₹11.1 लाख* |
| रिटेल शॉप | 41.43 SQ.MTR. / 446 Sq.ft. | ₹45.5 लाख* | ₹13.6 लाख* | ₹18.2 लाख* | ₹13.7 लाख* |
| रिटेल शॉप | 51.28 SQ.MTR. / 552 Sq.ft. | ₹56.3 लाख* | ₹16.9 लाख* | ₹22.5 लाख* | ₹16.9 लाख* |

आवंटन मापदंड: 1. Allotment प्रक्रिया "First Come First Serve" पे आधारित है 2.सभी अतिरिक्त शुल्क एवं Govt. Charges देय होगें।

### मुख्य आकर्षण :

- तुरंत रजिस्ट्री की सुविधा*
- पायें GST का लाभ*
- पहले से संचालित रिटेल स्पेस*
- आसपास के क्षेत्रों में 5 लाख परिवार*
- 130 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित*
- गौड़ चौक से मात्र 2.5 किमी की दूरी*
- एनएच-9 (एनएच-24) से केवल 7 किमी दूर*
- प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन के समीप*

*T&C Apply

IDEAL FOR : RESTAURANTS | FOOD OUTLETS | ELECTRONICS & HOME APPLIANCES | MOBILES & COMPUTERS | BEAUTY, FITNESS & SPORTS | JEWELLERY | TOYS, GIFTS & BOOKS
KIDS' CLOTHING | BABY PRODUCTS | WOMEN'S CLOTHING & ACCESSORIES | MEN'S CLOTHING & ACCESSORIES | HOME DECOR | HEALTH & PHARMACEUTICALS & MANY MORE...

**8377005040**

लोन की सुविधा उपलब्ध : ICICI Bank Home Loans Khayaal aapka | pnb Housing Finance Limited | TATA CAPITAL

**आपके जबरदस्त रिस्पॉन्स के लिए हार्दिक धन्यवाद।**

350+ शॉप्स SOLD | केवल चुनिंदा शॉप्स उपलब्ध | कीमतें शीघ्र ही बढ़ाई जाएंगी

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAJT2 User: lokendra.sharma@timesofindia.c Time: 02-06-2026 19:23 Color:



CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 07-02-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAFP User: cci Time: 02-06-2026 23:11 Color:



दलपति विजय को देना होगा जुर्माना p4

NBT गाज़ियाबाद THA Times OF INDIA
नवभारत टाइम्स | गाज़ियाबाद | शनिवार, 7 फरवरी 2026



स्केटिंग चैंपियनशिप में जीते मेडल P4

**हेल्पलाइन नंबर 24/7**

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758
ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904
नगर निगम गाज़ियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012
विद्युत विभाग इमरजेंसी
9193320115
डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546
फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

## फटाफट खबरें

### गलत जगह कूड़ा फेंका, 3 कर्मी हटाए

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : नगर निगम ने इंदिरापुरम के वॉर्ड-98 में रेजिडेंट्स की शिकायत पर नगर निगम के 3 कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। स्थानीय निवासी शिवानी जैन द्वारा एक विडियो के माध्यम से आरोप लगाया था कि नगर निगम के कर्मचारी जगह-जगह से कूड़ा इकट्ठा करके आते हैं और अहिंसा खंड-2 की मोड़ पर ढेर लगाकर चले जाते हैं। इस बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर शिकायत भी की है। नगर निगम ने उनकी शिकायत का संज्ञान लेते हुए 3 कर्मचारी अंकुश, विशाल और शाकिब की सेवाओं को समाप्त कर दिया है।

### छात्र की पिटाई का विडियो वायरल

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कुछ युवकों ने लाठी और बेल्ट से छात्र को पीटा और विडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो करीब 16 सेकंड का है। इसमें छात्र के कंधे पर स्कूल बैग टंगा है। वह कोतवाली के पास एक स्कूल के बाहर खड़ा है। इसी दौरान 3-4 युवक उसे लाठी और बेल्ट से पीटते नजर आ रहे हैं। एक अन्य युवक मोबाइल से विडियो बना रहा है। बाद में रील बनाई गई, जिसमें भड़काऊ भाषा और गाली-गलौज का प्रयोग किया गया है। रील पर सुधा ग्रुप लिखा है और इसे ऑफिशियल तरुण जाटव फकराना नामक इंस्टाग्राम अकाउंट से अपलोड किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर किशोरी से उत्पीड़न का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मधुबन बापूधाम क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय एक किशोरी से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध पर भी आरोपी नहीं माना। शाम को माता-पिता घर लौटे तो किशोरी ने आपबीती बताई। मामले में किशोरी की मां ने मधुबन बापूधाम थाने में दिव्यांशु के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में किशोरी की मां ने बताया कि 27 जनवरी को वह और उनके पति काम करने घर से बाहर गए थे। उस दौरान उनकी 13 साल की बेटी घर पर अकेली थी। उस दौरान पास में ही रहने वाला दिव्यांशु नाम का लड़का उनके घर में घुस गया और बेटी के साथ जबरन गलत काम किया। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### हेड अकाउंटेंट को रास्ते में रोक पीटा

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : शालीमार गार्डन क्षेत्र में कंपनी के पूर्व कर्मी ने कंपनी के हेड अकाउंटेंट को रास्ते में रोककर मारपीट और हत्या की धमकी। मामले में राजनगर एक्सटेंशन के हाई एंड पैराडाइज सोसाइटी निवासी शुभम कुमार कर्ण ने कोर्ट के आदेश पर विजयनगर निवासी गोनू प्रजापति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शुभम ने बताया कि वह नोएडा स्थित ओरियाना पावर लिमिटेड में हेड अकाउंटेंट हैं। वहां गोनू भी काम करता था। आरोप है कि 16 मई 2025 को गोनू ने 20 लाख रुपये की मांग की। 26 जनवरी 2026 को वह करनगेट चौकी के पास खड़े थे। तभी आरोपी वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर आरोपी ने मारपीट की।

**हमारा पता**
एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साहिबाबाद
इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader
@timesofindia.com

# सोसायटी में सन्नाटे के बीच उठ रहे कई सवाल ?

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

**ट्रांस हिंडन** की एक सोसायटी में तीन मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत के बाद पूरे परिसर में दहशत और सन्नाटे का माहौल है। जिस टावर में यह घटना हुई, उसके आसपास गहरी खामोशी है। यहां तक की टॉवर बी में ग्राउंड फ्लोर पर चल रहे ट्यूशन सेंटर में बच्चे नहीं जा रहे हैं। हालांकि, इस सन्नाटे के बीच कई सवाल उठ रहे हैं, जिनके जवाब तलाशने में पुलिस जुटी है। बच्चियों के परिजन गुरुवार को सोसायटी में ही किराए पर लिए गए दूसरे फ्लैट में गए थे। इसके बाद शुक्रवार को परिजन अस्थि विसर्जन की बात कहकर निकल गए। वहीं, तीसरे दिन मामले में हत्या या साजिश के साक्ष्य न मिलने से पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। हालांकि, पुलिस पिता और परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ की तैयारी कर रही है। पुलिस की जांच के दौरान परिजनों ने बताया था कि तीनों बच्चियां कोरियन कल्चर और के पॉप से प्रभावित थीं। पिता इसका विरोध करते थे। इसी से नाराज होकर तीनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। मौके से स्यूसाइड नोट मिला और लॉबी का गेट भी अंदर से बंद था। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाग-दौड़ भरी जिंदगी में बच्चों के साथ टाइम बिताने, समझाने के साथ मोबाइल और ऑनलाइन दुनिया से हटाकर आउटडोर गेम्स, अन्य गतिविधियों से जोड़ना बेहद जरूरी है। साथ ही, बच्चों से बातचीत करना भी जरूरी है।


**अस्थि विसर्जन के लिए गए परिजन**

**तीसरे दिन भी दर्ज नहीं हुई FIR, पिता समेत परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ की तैयारी**

#### दूसरी जगह ट्यूशन तलाश रहे परिजन

टावर बी के एक निवासी ने बताया कि तीन दिन से पूरा परिवार दहशत से नींद पूरी नहीं ले पा रहा है। वहीं, आसपास के टावर के लोगों ने बताया कि उन्होंने डर के कारण अपने बच्चों को ट्यूशन नहीं भेजा और अब वो कहीं दूसरी जगह अच्छा ट्यूशन सेंटर तलाश रहे हैं।

*3 बहनों के स्यूसाइड से सहमे हैं लोग, बच्चे नहीं जा रहे ट्यूशन*



**कब मिलेंगे इनके जवाब?**

1. यदि नौवीं मंजिल से गिरने की घटना होती तो मौके पर खून के अधिक निशान होने चाहिए थे, जो दिखाई नहीं दिए।
2. घटना के तुरंत बाद परिवार के सदस्य नीचे मौके पर मौजूद थे, जिससे यह आभास हुआ कि उन्हें पहले से कुछ अंदेशा था।
3. चादर और कपड़े लाने के दौरान पति-पत्नी के बीच लिफ्ट में कहासुनी की बातें भी सामने आ रही हैं, जिससे पारिवारिक मतभेदों की चर्चा भी हो रही है।
4. कुछ लोग मामले को ऑनलाइन या कोरियन गेम्स से जोड़कर भी देख रहे हैं, हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

#### निवासियों ने भी मामले की जांच की उठाई मांग

सोसायटी के कुछ निवासी इस घटना को लेकर कई सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि घटना के समय टावर बी के आसपास मौजूद लोगों ने सिर्फ एक बार तेज धमाके जैसी आवाज सुनी थी, जबकि तीन बच्चों की मौत होना कई सवाल खड़े करता है। लोगों की एक ही मांग है कि पुलिस की तरफ से निष्पक्ष, पारदर्शी और गहराई से जांच की जाए, ताकि तीन मासूमों को न्याय मिल सके और सच्चाई सामने आए।

#### पुलिस बेचे गए मोबाइल ट्रैस करने में लगी

घटना के तीसरे दिन शुक्रवार को भी पुलिस ने मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच में केवल आत्महत्या की ही बात सामने आई है। आत्महत्या के सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं। साक्ष्यों की जांच में यदि कुछ संदिग्ध मिले तो एफआईआर दर्ज की जा सके। पुलिस बेचे गए दोनों मोबाइल ट्रैस करने में लगी है, जिससे फरेंसिक एक्सपर्ट के माध्यम से उसके रेकॉर्ड इकट्ठे किया जा सकें।

#### पिता की 2 नहीं, 4 शादियां?

लोगों के अनुसार, मासूमों के पिता ने 4 शादियां की थीं। पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जबकि अन्य तीनों बहनें हैं। एओए अध्यक्ष के मुताबिक, परिवार को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी नहीं लगती, क्योंकि उन्होंने सोसायटी में ही 3 कमरों के 2 फ्लैट किराए पर ले रखे हैं। समय पर किराया और मेंटिनेंस शुल्क भी जमा होता है। AOA का कहना है कि प्रबंधन समिति का उद्देश्य केवल सच्चाई को सामने लाना है।

#### चौथी पत्नी हो गई थी लापता

घटना के बाद अपार्टमेंट ओनर असोसिएशन (AOA) भी अपने स्तर पर जांच में जुट गई है। एओए अध्यक्ष जय ठाकुर ने बताया कि सोसायटी के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की जाएगी, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों को समझा जा सके। उन्होंने बताया कि पिछले साल वट सावित्री पर्व के दिन बच्चियों के पिता प्रबंधन समिति के पास अपनी पत्नी की मिसिंग की सूचना लेकर आए थे और मदद की गुहार लगाई थी। हालांकि, बाद में पत्नी मिल गई थी।

## स्ट्रे डॉग्स का आतंक

# कुत्तों के झुंड का मासूम पर हमला, चेहरे पर गहरे घाव

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद

**शहर में** स्ट्रे डॉग का आतंक बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह अर्थला स्थित न्यू हिंडन विहार की नीलमणि कॉलोनी में 5 साल के बच्चे पर एक साथ तीन कुत्तों ने हमला कर दिया। जब तक बच्चा संभलने का प्रयास करता डॉग्स ने उसके मुंह और आंख पर बुरी तरह से काट लिया। इससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर कुछ दूरी पर खड़े उसके पिता और चाचा दौड़कर मौके पर पहुंचे और बच्चे को बचाया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को जिला एमएमजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चा दहशत में है और कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है।

अर्थला निवासी समीर ने बताया कि शुक्रवार को वह ऑफिस जाने की तैयारी कर रहे। जबकि परिवार के अन्य लोग दूसरे कमरों में थे। इसी दौरान उनका पांच साल का बेटा तलहा खेलते हुए घर से बाहर चला गया और उसके चीखने की आवाज आई। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर वह घर से बाहर निकले तो देखा कि तीन कुत्तों ने बच्चे को नीचे गिरा रखा था और उस पर तेजी से झपट रहे हैं। इसे देख समीर अपने छोटे सलमान के साथ तेजी से बेटे को बचाने के मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया।

उन्होंने बताया कि कुत्तों के काटने से बच्चे के चेहरे पर गहरे घाव हो गए हैं, जिससे वह बुरी तरह घबरा गया है। परिजन तुरंत उसे लेकर को जिला एमएमजी अस्पताल पहुंचे, जहां इमरजेंसी में उसका इलाज किया गया। डॉक्टरों ने घावों की सफाई कर एंटी-रेबीज सीरम लगाया और बच्चे को भर्ती कर लिया है। अस्पताल के डॉक्टर बृजेश ने बताया कि बच्चे के चेहरे और आंख के पास गंभीर चोट होने के कारण विशेष सावधानी बरती जा रही है। डॉक्टर का कहना है कि यदि थोड़ी देर और हो जाती तो बच्चे की आंख को नुकसान हो सकता था। बच्चे के चाचा सलमान ने बताया कि कॉलोनी में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर रोज तीन से चार लोगों को स्ट्रीट डॉग काट लेते हैं। इस बारे में निगम से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया है।




हिंडन विहार की घटना, बच्चे के पिता और चाचा ने शोर सुन बचाया

डॉक्टर बोले-देर होती तो आंख को हो सकता था नुकसान

### पार्श्वनाथ पैराडाइज में बना डॉग फीडिंग पॉइंट

■ NBT रिपोर्ट, मोहन नगर : पार्श्वनाथ पैराडाइज सोसायटी में लगातार बढ़ रही स्ट्रे डॉग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रबंधन समिति ने सोसायटी के इन-गेट के पास डॉग फीडिंग पॉइंट बनवाया है। प्रबंधन समिति का उद्देश्य यह है कि स्ट्रे डॉग को एक निर्धारित स्थान पर ही भोजन उपलब्ध कराया जाए। इसी के साथ ही एओए ने निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी से अपील की है कि सोसायटी परिसर के अंदर आवारा कुत्तों को भोजन न कराया जाए। एओए अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के मुताबिक, सोसायटी के अंदर स्ट्रे डॉग को भोजन कराने से बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है। तय स्थान पर फीडिंग से न केवल अनुशासन बना रहेगा, बल्कि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सकेगा। बता दें कि, इससे पहले निवासियों की शिकायतों के आधार पर नगर निगम की टीम ने सोसायटी परिसर से 5 स्ट्रे डॉग को पकड़कर इलाज और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा था।





#### लोगों ने की सराहना

निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए घूमने वाले सभी कुत्तों के गले में नंबर वाला कॉलर लगाने की भी सलाह दी, ताकि यह साबित हो सके कि वे बाहरी नहीं हैं। 24 घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए। आने-जाने वाले गेटों पर स्टील या प्लास्टिक की पट्टियां भी लगाएं।

# दोस्तों को 5 लाख रुपये की सुपारी दे कराई थी कैंसर पीड़ित पत्नी की हत्या

## आरोपियों ने रकम वसूलने को बनाया था 'साड़ी के पैसे' नाम से कोडवर्ड

■ NBT न्यूज, हापुड़

**बहादुरगढ़ में** दो फरवरी की सुबह हुई रीता शर्मा हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने पति सहित तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पति ने ही गृहक्लेश और बीमारी से परेशान होकर 5 लाख रुपये की सुपारी देकर दो दोस्तों से पत्नी की हत्या करवाई थी। आरोपियों ने 'साड़ी के पैसे' के नाम से रकम वसूलने के लिए कोडवर्ड भी बनाया था।



मृतक रीता

जानकारी के मुताबिक, बहादुरगढ़ के मोहम्मदपुर रुस्तमपुर गांव में दो फरवरी की सुबह रीता शर्मा की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय पति राहुल शर्मा किसी विवाह समारोह में बाहर गए थे। घर आने पर उन्होंने लूट का विरोध करने पर पत्नी की हत्या की बात कही थी। वहीं, मृतका के मायकेवालों ने बताया कि आरोपी पति राहुल के गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध थे, जिसको लेकर रीता के साथ अक्सर मारपीट करता था।



पुलिस ने पति सहित हत्या में शामिल उसके दोनों दोस्तों को अरेस्ट किया

- आरोपी पति राहुल के गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध थे, जिसका पत्नी विरोध करती थी
- कैंसर से जूझ रही पत्नी पर गृह क्लेश और मां से बात करने से रोकने के लगाए आरोप

एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मायकेवालों की शिकायत पर आरोपी पति राहुल शर्मा, सास गायत्री शर्मा, ससुर विनोद शर्मा और गांव निवासी एक महिला पर केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

#### पति ने बताया, कैसे रची पूरी साजिश

**पूछताछ में** आरोपी पति राहुल ने बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या के लिए अपने साथ काम करने वाले दोस्त हीरा और फिरोज को 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी। उसने दोनों की 60-60 हजार की उधारी भी माफ कर दी थी। इसके बाद तीनों ने मिलकर 2 फरवरी की रात को कंबल से रीता का गला और मुंह दबाकर चाकू से वार कर हत्या की थी। हत्या करने के बाद वह बचाव के लिए गांव नानई में शादी में फोटो खिंचवाकर अपनी बाइक से अपनी दूसरी दुकान चांदपुर (बिजनौर) में जाकर सो गया। सुबह छह बजे घर आकर चोरी, लूट और हत्या की बात बताई। पत्नी अक्सर घर में क्लेश करती थी। इसी से तंग आकर उसने यह कदम उठाया था।


डेरी कर्मचारी की हत्या का हुआ खुलासा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# रंजिश में सहयोगी ने ही किया था कत्ल

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन

**गांव रिस्तल** में एक डेरी पर काम करने वाले सुनील की हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि हत्या उसके ही साथ काम करने वाले सहयोगी दुखरान उर्फ हीरा ने की। दोनों के बीच काम को लेकर कई बार विवाद हुआ था। तीन फरवरी को भी झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश में उसने वारदात को अंजाम दिया।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि 4 फरवरी को दिल्ली के करावल निवासी वीरपाल ने टीलामोड़ थाने में भाई सुनील की हत्या का केस दर्ज कराया था। मामले में मिर्जापुर के लालगंज के गांव गौरवा निवासी दुखरान उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 2017 से डेरी में काम कर रहा था। करीब एक महीने पहले उसका फोन खो गया था, जिसकी वजह से उसकी सुनील से कहासुनी हो गई थी। ऐसे में वह दिल्ली चला गया था। तीन फरवरी को भी काम को लेकर उसका सुनील से झगड़ा हो गया। इस पर उसने मंगलवार (तीन फरवरी) की रात कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर सुनील की हत्या कर दी। एसीपी ने बताया कि दुखरान को डेरी मालिक के बेटे ने मोबाइल दिया था जो एक महीने पहले खो गया था। दुखरान को लगा कि मोबाइल सुनील के पास है। मोबाइल चोरी के शक में दोनों के बीच आए दिन झगड़े होने लगे। ऐसे में गुस्से में आकर दुखरान ने वारदात को अंजाम दिया।



मोबाइल चोरी के शक में दोनों में झगड़े होते थे

**कई बार हुए झगड़े, कभी चैन खोने तो कभी गोबर उठाने को लेकर हुए विवाद**

## उधार के 300 रुपये मांगने पर कर्मचारी की गला दबाकर की थी हत्या, दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन

**लिंक रोड** क्षेत्र में कौशांबी बस स्टैंड के पास शौचालय के कर्मी प्रेम कुमार की दो फरवरी को हत्या की घटना का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि आरोपी अलीगढ़ के अकराबाद निवासी सुखवीर उर्फ सुमित और पश्चिम बंगाल के फतेहपुर निवासी राकेश प्रसाद उर्फ छोटू हैं। दोनों कौशांबी बस अड्डे के सामने शौचालय के पास नशा करते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात प्रेम कुमार से हुई। दोनों ने बताया कि उन पर शौचालय के 300 रुपये उधार थे। प्रेम कुमार ने शौच करने से रोक दिया और उधार के रुपये मांगे। इसी दौरान राकेश की प्रेम से कहासुनी हो गई। दो फरवरी को दोनों वैशाली मेट्रो के शौचालय पर भी प्रेम मिला। आरोपियों ने शराब पी और उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसकी जेब से मोबाइल और 600 रुपये लेकर भाग गए। 5 फरवरी को ट्रेन से गाजियाबाद पहुंचे तो पुलिस ने दबोच लिया।



आरोपियों से मृतक का फोन बरामद

**खुलासा**

- लिंक रोड क्षेत्र में कौशांबी बस स्टैंड के पास बने शौचालय की घटना
- मृतक का मोबाइल और 600 रुपये भी निकालकर ले गए थे आरोपी

# चाइनीज मांझे पर प्रशासन सख्त, दुकानों में की जांच

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद/ हापुड़

**चाइनीज मांझे** के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद हापुड़ और गाजियाबाद में प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है। शुक्रवार को सीओ वरुण मिश्रा के नेतृत्व में शहर में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस बल के साथ पुराना बाजार और कसेरठ बाजार में स्थित पतंग की दुकानों का निरीक्षण किया। वहीं, गाजियाबाद में पुलिस-प्रशासन ने पतंग विक्रेताओं को चाइनीज मांझा बेचने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। आदेश में कहा गया है कि इस मांझे के कारण किसी की मौत होती है तो हत्या का और दुकान पर बेचते पाए जाने पर हत्या के प्रयास का मुकदमा चलेगा। हालांकि निरीक्षण के दौरान किसी भी दुकान से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। वहीं, कुछ दुकानें बंद मिलीं। अधिकारियों ने आसपास खेल रहे बच्चों से भी चाइनीज मांझे की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।



सीओ वरुण मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया विशेष अभियान

**चेतावनी** हाई कोर्ट ने डेढ़ साल पहले दिए थे, अफसरों ने गंभीरता से नहीं लिया

# आदेश नहीं माना, GDA वीसी को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

**इंदिरापुरम के** अहिंसा खंड एक स्थित शिप्रा सृष्टि सोसायटी के बेसमेंट में अवैध निर्माण हटाने को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने डेढ़ साल पहले जो आदेश जारी किया था, उसका पालन आज तक जीडीए ने नहीं किया है। अब इस मामले में हाई कोर्ट ने अवमानना का नोटिस जीडीए वीसी नंद किशोर कलाल को भेजा है। वकील विकास तिवारी ने बताया कि यदि हाई कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरी में अवमानना याचिका दाखिल करनी पड़ेगी, जिसका परिणाम जुर्माना या नियम अनुसार जेल भी हो सकता है।

**2023 का है मामला :** यह मामला साल 2023 का है। जब जीडीए ने शिप्रा सृष्टि सोसायटी के एओए को बेसमेंट नक्शे के उलट अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। जब एओए ने जीडीए के नोटिस की तरफ ध्यान नहीं दिया तो साल 2024 सितंबर महीने में जीडीए की तरफ से अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके खिलाफ यहां के एओए ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में रिट डाली थी लेकिन पूरा मसला सुनने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रिट खारिज कर दी और जीडीए को आदेश दिया कि इस सोसायटी के लिए जो नक्शा पास किया गया है उसके मुताबिक, सोसायटी का बेसमेंट पुनर्स्थापित किया जाए।

हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद इंदिरापुरम की दूसरी सोसायटियों में हो रखे अवैध निर्माण को लेकर लोगों में डर बैठ गया था। वहीं, जीडीए की तरफ से इस दौरान बयान भी दिया गया था कि सर्वे करवाकर नक्शे के विपरीत जो भी सोसायटी में अवैध निर्माण है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।





- आदेशों का पालन नहीं किया तो अवमानना याचिका दाखिल करनी पड़ेगी
- इसका परिणाम जुर्माना या जेल भी हो सकता है

### छात्र को लगी गोली, हर्ष फायरिंग की आशंका

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : सुभाष विहार कॉलोनी में शुक्रवार सुबह बीएससी का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने घायल हो गया। आशंका है कि हर्ष फायरिंग के दौरान छात्र को गोली लगी है। सुभाष विहार कॉलोनी निवासी परवेज कुमार नोएडा की निजी कंपनी में इंजीनियर हैं। उनका बड़ा बेटा वंश बीएससी का छात्र है। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे वंश छत पर गया था, जहां वह मां मनीषा को कपड़े धोने में मदद करने लगा। इसी दौरान धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और वंश की पीठ में गोली लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in